OF CULTURE (SHRI D. P. YADAV) : I beg to lay on the Table—

(1) (i) A copy of the Annual Report (Hindi and English versions) of the Salar Jung Museum Board, Hyderabad, for the year 1969-70 along with the Audited Accounts

(ii) A statement (Hindi and English versions) showing reasons for delay in laying the above Report. [*Placed in Library. See* No. LT—1608/72]

(2) A copy of the Annual Report (Hindi and English versions) of the Indian Institute of Science, Bangalore and the Statement of Accounts for the year 1970-71. [*Placed in Library. See* No. LT—1609/72.]

(3) A copy of the Annual Report (Hindi and English versions) of the Executive Committee of the Trustees of the Victoria Memorial Hall, Calcutta, for the year 1970-71 together with Audited Accounts. [*Placed in Library. See* No. LT—1610/72.]

———

12.39 hrs.

MOTION OF THANKS ON PRESIDENT'S ADDRESS - *Contd.*

MR. SPEAKER : Now we resume further discussion on the Motion of Thanks to the President.

We have hardly enough time to complete—not hardly, more time rather. The Prime Minister has conveyed to me that she would reply to debate immediately after Question Hour tomorrow.

SHRI S. M. BANERJEE (Kanpur) : That means the time is extended,

MR. SPEAKER : No. Time is not extended. There will be no other motion after the Question Hour, only the Prime Minister will reply.

Mr. Hari Kishore Singh.

श्री हरि किशोर सिंह (पुरी) : अध्यक्ष महोदय, मैं पिछले दिन सदन में चर्चा कर रहा था कि मार्क्सवादी पार्टी का यह आरोप है कि इस देश में गणतंत्र की हत्या हो रही है और पश्चिमी बंगाल में चुनाव के दौरान जो घटनाएं हुई है वह जनतांत्रिक प्रणाली को आगे की ओर बढ़ाने में असफल रही हैं निराधार है । मेरा उन से नम्र निवेदन है कि 1967 के बाद जो घटनाएं हुई और जो हिंसा का वातावरण पैदा किया गया उस से हमारे देश की राजनीति में जनतांत्रिक पद्धति को बढ़ावा नही मिला है । संसदीय जनतंत्र के प्रति जनता में एक तरह से अविश्वास पैदा होता जा रहा था । कांग्रेस हटाओ की एक अंध विरोधी राजनीति कुछ दलों ने पैदा की और उस से देश में एक ऐसा वातावरण पैदा हो गया कि जो भी साधन उपलब्ध हो उन से जैसे भी हो कांग्रेस को पराजित किया जाय । इस नीति ने देश में इस दल बदल की राजनीति को प्रश्रय दिया और जिसके परिणामस्वरूप हमारे देश की क्या हालत हुई है वह सब हम देख चुके है । जो परिस्थितियां उन से पैदा हुई उस से जनता का विश्वास संसदीय राजनीति व्यवस्था में धीरे-धीरे घटता जा रहा है ।

इस सम्बन्ध में मैं यह कहना चाहुंगा कि जिस सफलता से प्रधान मंत्री ने 1971 में इस देश को नेतृत्व दिया और जिस जोरदार तरीक़े से देश की जनता ने प्रधान मंत्री के हाथ मजबूत किये उसने एक नई राजनीति को जन्म दिया है और संसदीय जनतंत्र में जनता का पुनर्विश्वास उत्पन्न होने लगा है और यह आशा हो गई है कि शायद जनतांत्रिक पद्धति द्वारा समाज का कल्याण हो सकेगा । इस सम्बन्ध में मैं मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के सदस्यों से निवेदन करूंगा कि वे जो पश्चिमी बंगाल के वर्तमान विधान सभा का बहिष्कार कर रहे हैं वह संसदीय जनतंत्र की अमर्यादा है और वे ऐसा करके संसदीय जनतंत्र की पद्धति कोई बल नहीं दे रहे हैं । मेरा उन से अनुरोध होगा कि वह एक समझदार व सशक्त पार्टी के सदस्य हैं, अपने बहिष्कार को त्यागें और जनतांत्रिक प्रणाली की जो प्रमुख धारा है उस में शामिल होकर संसदीय जनतंत्र को सफल बनायें ।

[श्री हरि किशोर सिंह]

अध्यक्ष महोदय, जो दूसरी प्रमुख घटना पिछले साल हुई वह बगला देश के सम्बन्ध मे थी। बगला देश की घटना इस देश के इतिहास मे ही नही अपितु सारे मानव इतिहास मे एक अलौकिक घटना है। सारा देश बगला देश की घटना से प्रभावित रहा। जो नीति भारत सरकार द्वारा बंगला देश के सम्बन्ध मे अपनाई गई वह एक राष्ट्रीय नीति थी। बगला देश के सम्बन्ध मे भारत सरकार की नीति का इस सदन ने सर्वसम्मति से समर्थन किया था और इसलिए आज जब जनसघ के साथी बगला देश के सम्बन्ध मे अपनाई गई नीति की आलोचना करते हैं तो बात समझ से नही आती है। बगला देश के सम्बन्ध मे सरकार को क्या निर्णय लेना चाहिए था यह सरकार के लोग जानते थे। बगला देश के सम्बन्ध मे भारत सरकार द्वारा अपनाई गई नीति का जो परिणाम हुआ वह हम सबके सामने मौजूद है और इसलिए आज उस पर नुक्ताचीनी करना उस नीति की सफलता को गौण करना होगा।

बगला देश के सम्बन्ध मे आज एक विषाक्त प्रचार विदेशो मे चल रहा है और वह यह कि बगला देश की ओर भारत की दृष्टि लगी हुई है। इस सम्बन्ध मे मै विदेश व्यापार मंत्री की उस घोषणा की सराहना करता हूँ जिसमे उन्होने कहा है कि बंगला देश के साथ जो भी हमारा व्यापार होगा वह भारत सरकार द्वारा होगा। स्टेट ट्रेडिंग कारपोरेशन उसे करेगी और यहा के व्यापारियो को बगला देश के साथ निजी तौर पर व्यापार करने की अनुमति नही दी जायेगी। हा, अगर बगला देश की स्वतंत्र सरकार वैसा चाहेगी तो ऐसा मौका मिलेगा। परन्तु सरकार से मेरा अनुरोध होगा कि बगला देश से सम्बन्धित जितने भी व्यापारिक निर्णय हो और जितनी भी कार्यवाही हो वह सरकारी स्तर पर होनी चाहिए। व्यापारियों को बगला देश से सीधे व्यापार करने का मौका नही देना चाहिए क्योंकि उस से हमारे और बगला देश के मैत्रीपूर्ण सम्बन्ध मे कुछ गतिरोध पैदा हो सकता है, कुछ गलतफहमियाँ उत्पन्न हो सकती हैं। सम्भव है कि व्यापारी अपने मुनाफे की मनोवृत्ति की वजह से बगला देश के अच्छे भले लोगो को शोषण करना चाहे। इसलिए मेरा नम्र निवेदन है कि बगला देश के साथ जो भी हमारी व्यापारिक नीति हो, जितने कारोबार हों वह सरकारी स्तर पर होने चाहिए, निजी तौर पर सीधे व्यापारियो द्वारा नही होने चाहिये।

दूसरी चीज जो बगला देश के सम्बन्ध मे उत्पन्न होती है वह यह है कि अन्तर्राष्ट्रीय पैमाने पर खास तौर पर एशिया के छोटे छोटे मुल्को मे साम्राज्यवादी शक्तियो द्वारा यह प्रचार किया जा रहा है कि भारत की बगला देश के बाद दूसरे छोटे छोटे पडोसी राष्ट्रो पर नजर है और उनको वह किसी न किसी तरह से अपने प्रभाव क्षेत्र मे रखना चाहता है। यह सर्वथा गलत है। इस आरोप का इस सदन मे जोरदार खण्डन होना चाहिये। इस बात का बहुत बार स्पष्टीकरण किया गया है कि हम किसी भी देश के ऊपर शक्ति-प्रभाव नही चाहते है न तो हम प्रभाव क्षेत्र की राजनीति मे विश्वास ही करते है। हमारी वैदेशिक नीति की आधारशिला श्री जवाहरलाल नेहरू के जमाने मे रखी गई थी और वह आपसी सहयोग और पारस्परिक सद्भावना की नीति है। हम एक दूसरे के विकास मे मदद देना चाहते है। हमारी कोई भी इस तरह की नीति नही होगी जिससे कि हमारे पडोसी देशो को किसी भी तरह हमारी बगला देश सम्बन्धी नीति मे कोई आशका हो।

बगला देश के सम्बन्ध मे चर्चा करते हुए अपने देश के पिछडे और अविकसित इलाको की चर्चा करना आवश्यक है जिनकी कि आर्थिक परिस्थिति बहुत कुछ बगला देश से मिलती है। यह नही कि बगला देश मे जो पाकिस्तान ने किया उससे इस नीति का कोई सम्बन्ध है। लेकिन अपने देश के जो पिछडे इलाके है उनकी बहुत ही गम्भीर स्थिति थे और मैं इस सम्बन्ध मे चाहूँगा कि सरकार उस का एक सर्वेक्षण कराये कि इस देश के जो पिछडे इलाके है उनकी 1950 मे क्या स्थिति थी और आज 1972 मे क्या है। 1950 और 1972 की स्थिति में कुछ

फर्क पड़ा है या नहीं। इस बारे में जो पिछड़े इलाके और उन्नतिशील इलाके हैं उनका एक तुलनात्मक सर्वेक्षण होना चाहिए। यहा पर मुझे दु.ख के साथ कहना पड़ता है कि 1950 और 1972 के बीच तुलनात्मक सर्वेक्षण से पता चलता है कि स्थिति यथावत है और उसमे सुधार नही हो पाया है तो यह हमारी नीति की त्रुटि की वजह से ही है। यह सुनियोजित नीति के अभाव के कारण है। हमारी धारणा थी कि औद्योगीकरण के द्वारा यह जो पिछड़े इलाके है वह विकसित हो जायेंगे और देश के उन्नतिशील इलाको के मुकाबले मे आ जायेंगे। इसलिए हमने इन पिछडे इलाको मे जो कि प्राकृतिक साधनो मे भरपूर है, बडे-बडे उद्योग लगाये है मेरे स्वयं के प्रान्त बिहार मे कोई 650 करोड रुपया केन्द्रीय सरकार का लगा हुआ है लेकिन उस से क्या फर्क हुआ। भारी उद्योगो के ये स्थल समृद्धि के द्वीप मात्र है उनका वहा के जनजीवन पर, वहा की सामाजिक व्यवस्था और वहा के रहने वालो की आर्थिक स्थिति पर कोई प्रभाव नही पडा है। इसलिए मेरा अनुरोध होगा कि पिछडे इलाको के आर्थिक विकास की जिम्मेदारी केन्द्रीय सरकार ले। मैं तो यहा तक कहने के लिए तैयार हूँ कि जिस प्रकार राज्यों मे सवैधानिक व्यवस्था की कमी आ जाती है, कास्टीट्यूश्नल ब्रेकडाऊन हो जाता है और राष्ट्रपति शासन लागू किया जाता है उसी रूप मे इन पिछडे इलाको में, जहा आर्थिक दृष्टि से राज्य प्रशासन की विफलता रही है, केन्द्रीय सरकार वहा के आर्थिक विकास की जिम्मेदारी अपने ऊपर ले ले। इस सम्बन्ध मे मैं यह सुझाव देना चाहूगा कि इसके लिए एक बैकवर्ड रीजन डेवलपमैंट एथारिटी का गठन होना चाहिए और इस के माध्यम से हम प्रत्यक्ष रूप से केन्द्र द्वारा इन पिछड़े इलाको का विकास करें। इस सम्बन्ध मे मैं सुझाव देना चाहूगा कि भविष्य मे बड़े औद्योगिक प्रतिष्ठान स्थापित करने के साथ-साथ एसलरी इंडस्ट्रीज एव लघु उद्योगों की स्थापना एव विकास की भी व्यवस्था की जाय। साथ ही जब तक इन इलाकों में कृषि का आधुनिकरण नहीं होगा तब तक आर्थिक दृष्टि से ये इलाके पिछड़े ही रहेंगे। इसलिए यह आवश्यक है कि भूमि सुधार की दिशा में शीघ्रातिशीघ्र कार्यवाई हो और किसानों को कृषि सम्बन्धी सुविधायें बड़े पैमाने पर दी जायें। इस सम्बन्ध में कृषि के क्षेत्र में सरकारी ऋण नीति में बुनियादी परिवर्तन आवश्यक है। किसानों को प्राथमिकता के आधार पर 4% दर पर व्यापक तौर पर कर्जा मिलना चाहिये।

अब मैं अपने इलाके के बारे में दो तीन बातें कहना चाहता हू। बिहार का उत्तरी हिस्सा बहुत ही पिछडा हुआ क्षेत्र है। वहां पर दो एक योजनाये केन्द्रीय सरकार की ओर से चल तो रही है। लेकिन मैं कहना चाहता हू कि बागमती योजना को शीघ्रातिशीघ्र कार्यान्वित किया जाए। साथ ही अधवार नदी समूह की भी योजना जल्द बनाई जाए।

दूसरी चीज मैं यह कहना चाहता हूँ कि उत्तरी बिहार का इलाका यातायात की दृष्टि से बहुत पिछडा हुआ है। बाढ की वजह से हर साल वहा की सडके नष्ट हो जाती है। रेल के माध्यम से जो यातायात की सुविधा वहां उपलब्ध है वह छोटी लाइन होने की वजह से पर्याप्त नही है। मैं चाहता हूँ कि पूरे उत्तर बिहार में बडी रेल लाइन की व्यवस्था हो। खास तौर पर समस्तीपुर से नहरकटिया गंज तक, दरभगा और सीतामढी होते हुए जो लाइन जाती है उसको बड़ी लाइन मे शीघ्र परिवर्तित कर दिया जाए। इसी प्रकार से मुजफ्फरपुर से सीतामढ़ी होते हुए नेपाल की सीमा तक जो सडक जाती है, हमारे समदीय विभाग के मत्री जानते है कि वह सड़क कितनी महत्वपूर्ण है, उसको राष्ट्रीय मार्ग का दर्जा दिया जाए और केन्द्रीय सरकार की ओर से उसका निर्माण कराया जाए।

इन्ही शब्दो के साथ मैं राष्ट्रपति जी के अभिभाषण पर जो धन्यवाद का प्रस्ताव रखा गया है, उसका समर्थन करता हूँ।

SHRI MALLIKARJUN (Medak) : I pay my homage to the martyrs of the Indo-Pakistan war and of the Telengana movement and

[Shri Mallikarjun]

express my condolences to their bereaved families. Coming to the President's Address, as has been mentioned by the President, the Government's commitment is to achive prosperity and progress in agriculture, industry and in the educational and other fields. This commitment has been discharged to the extent it has been discharged, satisfactorily. The Government's policy in adopting rural and agricultural ceilings as recommended by the Central Committee on land reforms and in providing water, electricity and credit facilities to the farmers is worthy of appriciation. The functioning of the Rural Electrification Corporation with an outlay of Rs 106 crores, particularly by advancing already Rs. 43 crores to the backward areas is a matter for satisfaction for the farmers. At the same time, the output of small scale industries has been raised by providing adequate raw materials and liberal import facilities. Every calory of the energy of our beloved Prime Minister is dedicated to the eradication of poverty, ignorance and unemployment and to build a socialist, secular democratic society. This is something unparalleled in modern history. Sir, the very national policy to transform the socio-economic structure and to aid in various ways for the progress and prosperity and the uplift of the common people in this country is admired by 55 crores of people in this country and the people elsewhere

However, in this connection, the President has not made any mention regarding Telengana. The entire House is conscious of the fact that the Telengana movement for the creation of a separate Telegana State was started on the 15th January, 1969. It was the experience, it was the observation of everyone of us that in that agitation lakhs of people offered satyagraha and adopted the Gandhian principles of truth and non-violence to achieve their cherished object. However, the Telengana Praja Samiti which was running this movement has been culminated and merged with the Congress (R) without any agreement. But long back, in 1956, there was an agreement which was signed by the then agitators. Today, there has been no signature. It was the spirit of confidence between the Prime Minister and the Praja Samiti leaders and the people of Telangana in general. With that same confidence today we anticipate that the Prime Minister and her Government will definitely adopt adequate steps which are required for the fulfilment of the aspirations of the people.

However, in this movement, I have to mention that the politicians have appeared and disappeared and I have been painted with a political colour, but still, the people's feelings have remained ; the people's aspirations have to be fulfilled only by our beloved Prime Minister and nobody else. With our faith and trust and immense confidence in the Prime Minister, we feel that she will definitely do it. Unfortunately, the judgement of the full Bench of the Andhra Pradesh High Court has been so unsatisfactory to the people, as also the formula, or whether it is, which was evolved as a consequence of the negotiations between the Prime Minister and the Telengana Praja Samiti.

Today, what we need is a constitutional amendment for the implementation of the Mulki rules which is absolutely indispensable in order to create satisfaction, in order to give contentment to the people of Telengana. We have agitated, and we have given the mandate in the last mid-term poll for the Telengana Praja Samiti to create a separate Telegana State. Later, as a result of the intervention of our Prime Minister, following the national policy, they have also given the mandate to the Prime Minister. Now, today, it is the responsibility of the Prime Minister to look into the affairs and to realise that our objective was not to replace Mr. Brahmananda Reddy with another Telengana Chief Minister but that it is a matter of our genuine feelings. So, when two mandates have been given as we have belief in our beloved Prime Minister, it necessitates the Prime Minister, since she is also present in the house, to adopt constitutional measures for the implementation of the Mulki rules.

Some people feel that it may affect some Andhra personnel. Nothing of the sort. Supernumerary posts can be created and an amicable and peaceful atmosphere can be created.

13 hrs.

Finally, without consuming much time of the House, with all reverence to the Prime Minister, all faith in the Prime Minister, I wish to lay emphasis only on one point, and that is, the need of the hour for the Telengana

people is the consitutional amendment for the implementation of the Mulki rule. Or-else, the only alternative left for the Prime Minister is to create a separate Telengana State, by bifurcating the Andhra Pradesh State in the interests of the people. In the interests of the people, who have given the mandate in a dual manner.

Now it is the responsibility of the Prime Minister People's feelings in a democratic set up cannot be ignored. I therefore appeal to the Prime Minister to adopt constitutional measures immediately in order to satisfy the people who have given her a mandate on national policy for the eradication of ignorance and poverty. Finally, with faith and trust and confidence in the Prime Minister and with all anticipation, I think salvation can be achieved.

MR SPLAKER : Shri Kushok Bakula He may speak after lunch

---

13 02 hrs.

The Lok Sabha adjourned for Lunch till Fourteen of the Clock.

The Lok Sabha re assembled after Lunch at five minutes past Fourteen of the Clock.

[MR DEPUTY-SPEAKER *in the Chair.*]

MOTION ON THANKS ON PRESIDENT'S ADDRESS – *Contd.*

श्री कुशोक बाकुला (लद्दाख) : उपाध्यक्ष महोदय, मैं राष्ट्रपति जी के अभिभाषण पर चर्चा करते हुए यह कहना चाहता हूँ कि जम्मू-काश्मीर-लद्दाख हिन्दुस्तान का अंग है, कोई दूसरा इसके बारे में फैसला नहीं कर सकता, सदर भुट्टो चाहें जो कहे, निक्सन चाहें जो कहें, चू० एन-लाई चाहे जो कहे, लेकिन हमारा जम्मू-काश्मीर-लद्दाख 1947 में भारत के साथ विलय किया, भारत में एक्सीड किया, अब भारत का अटूट हिस्सा है, जैसे हिमाचल प्रदेश है और दूसरे राज्य है। मैं प्रधान मंत्री जी को बधाई देना चाहता हूँ कि 1972 में राज्यों की विधान सभाओं के जो चुनाव हुए, जिसमें कांग्रेस को बहुमत मिला, उससे यह स्पष्ट हो गया है कि भारत की 55 करोड़ जनता इन्दिरा जी के नेतृत्व में काम करना चाहती है और लोकतंत्र, समाजवाद और धर्मनिर्पेक्षता में विश्वास करती है।

अभी भारत और पाकिस्तान के बीच जो युद्ध हुआ, उस में जम्मू-काश्मीर और लद्दाख में जितनी चौकिया हम ने कब्जे मे ली है, उनको देखते हुए अब पाकिस्तान हमारा कुछ नही कर सकता। लेकिन, उपाध्यक्ष महोदय, मैं आप के द्वारा प्रधान मत्री जी से निवेदन करना चाहता हूँ कि वे जब भी युद्ध विराम के बारे में बातचीत करे, वे इस बात का ध्यान रखें कि जो चौकिया हमने ली है, उनको हमे नही छोड़ना चाहिये। 1965 की लडाई मे हमारे लद्दाख क्षेत्र की एक सबसे बड़ी और ऊची चौकी "कारगिल" हम ने ली थी, यह 13 हजार फुट की ऊचाई पर है, हमारे जवानो ने बड़ी मेहनत से इस को जीता था, लेकिन ताशकन्द समझौते के तेहत हम को उसे वापस करना पड़ा था। इसलिये मैं कहना चाहता हूं कि इस वक्त जो बहुत सी चौकिया हमारे पास है ऐसा न हो कि हमें उन को वापस देना पड़े। अगर ऐसा हुआ तो इस से जनता भी नाराज होगी और हमारे भविष्य के लिए भी अच्छा नही होगा।

दूसरी बात मैं यह अर्ज करना चाहता हूं कि एटम बम बनाने के लिये भी हमें फिर से विचार करना चाहिये। हम लड़ाई नही चाहते है, हम शान्ति से रहना चाहते है और हिन्दुस्तान हमेशा शान्ति से रहता आया है, लेकिन आज चीन और अमरीका जो बातचीत करते है, सदर निक्सन और चू० एन-लाई जो बातचीत करते है, उस से ऐसा अन्दाज़ा लगता है कि वे भारत को कमजोर करना चाहते है, लेकिन मेरा पूरा यकीन है कि भारत को कोई भी कमजोर नहीं कर सकता। इस में कोई शक नही कि भारत के पास अणु बम से भी अधिक शक्ति है क्योंकि भारत की जनता प्रधान मंत्री जी में अटूट विश्वास करती है, लेकिन फिर भी कुछ लोग कहते है कि भारत के पास अणु बम

[श्री कुशोक बाकुला]

नही है। मै ऐसा विश्वास करता हूं कि या तो विश्व में किसी भी देश के पास अणु बम न हो, कोई उस को न बनाये और जो बने हुए हैं, उन का किसी न किसी तरह से नाश कर दिया जाय और फिर आगे से कोई न बनाये। ऐसा राष्ट्र संघ में तय हो जाय, लेकिन यदि ऐसा नहीं होता तो कोई देश बनाये और भारत न बनाये तो इस से कोई लाभ नही होता है, फिर उस के कोई अर्थ नही रहता है।

तीसरी बात मै प्रधान मत्री जी से निवेदन करना चाहता हूं लेकिन मुझे अफसोस है कि प्रधान मंत्री जी यहां उपस्थित नही है कोई दूसरे मंत्री भी यहां नोट करने वाले नही है। मेरा निवेदन यह है कि तिब्बत के बारे में, राष्ट्रपति जी के अभिभाषण मे सन् 1967 से सुनता आ रहा हूं, उसमें कोई उल्लेख नही होता है और न ही विरोधी दल या कांग्रेस दल के लोग तिब्बत के बारे में कोई बात करते है। मै यह नही कहता कि तिब्बत के बारे में कोई लड़ाई करनी चाहिए लेकिन फिर भी कुछ सोचना तो अवश्य चाहिए। तिब्बत के चीन के कब्जे मे आ जाने से ही भारत के सामने मुसीबत खड़ी हुई है। कई समत्सदस्य लद्दाख की तरफ गए है और उन्होने वहा पर देखा है कि करीब 150 मील दूरी पर चीन बैठा हुआ है। इस समय तो चीन शान्ति से बैठा हुआ है लेकिन वह किसी भी समय गड़बड़ कर सकता है क्योकि सदर निक्सन और चाऊ एनलाई की बातचीत हुई है और वे भारत को कमजोर करना चाहते है। यद्यपि वे भारत के खिलाफ कुछ कर नही पायेगे परन्तु फिर भी परेशान कर सकते है। एक तरफ तो भुट्टो साहब कश्मीर में गुरिल्ला भेज कर गडबड़ करा सकते हैं और दूसरी तरफ लद्दाख और नेफा की ओर से चीन परेशान कर सकता है। इसलिए मै समझता हूं तिब्बत के बारे में कुछ बातचीत जरूर होनी चाहिए। मै प्राइम मिनिस्टर से निवेदन करता हूं कि मुझे उत्तर चाहिए कि तिब्बत के बारे में भारत का रवैया क्या है?

हम चाहते हैं कि चीन के साथ हमारी दोस्ती हो लेकिन हमारे विदेश मंत्री, सरदार स्वर्णसिंह ने कई सदस्यों के सवाल पूछने पर बताया कि जब वक्त आयेगा तब हम तिब्बत के बारे में कुछ करेगे तो मैं जानना चाहता हूं वह समय कब आ रहा है, यह स्पष्ट होना चाहिए। तिब्बत में लाखों आदमियों की नस्ल खत्म की जा रही है। धर्म की बात छोड़ दीजिए, उन तमाम लोगों को ही खत्म किया जा रहा है। वहां की कला, संस्कृति और इतिहास को समाप्त किया जा रहा है। तिब्बत के बारे में अगर भारत सरकार कुछ करना चाहती है तो वह पूरे तिब्बत के खत्म होने के बाद करना चाहती है या उससे पहले करना चाहती है? मै मानता हूं कि एक दम से कोई वैसा कदम नही उठाना चाहिए लेकिन फिर भी कुछ सोच विचार तो होना ही चाहिए। पहले श्री स्वर्णसिंह जी कहा करते थे कि चीन राष्ट्रसघ का सदस्य नही है लेकिन अब तो चीन राष्ट्रसंघ का सदस्य भी बन गया है। इसलिए अब भारत का रवैया क्या है? मै भारत सरकार को बहुत धन्यवाद देता हूं कि दलाई लामा और हजारो की तादाद मे उनके शिष्यो ने जो भारत मे शरण ली है वह वहां पर बड़े आराम से बैठे हुए है। इस के लिए बहुत आभारी हू लेकिन मै इनसे भी ज्यादा लाखो की तादाद मे लोग तिब्बत मे मुसीबत मे पड़े हुए है। बंगला देश को जो आपने सहायता दी वह बहुत अच्छा किया लेकिन तिब्बत के बारे में कुछ न कुछ सोचना चाहिए। इस सम्बन्ध में मै इतना ही अर्ज करना चाहता हूं।

राष्ट्रपति जी ने अपने भाषण में शिक्षा के सम्बन्ध मे पिछड़े इलाकों का उल्लेख किया है और उन्होने कहा है कि जो पिछड़े इलाके है उनकी तरफ ज्यादा ध्यान दिया जायेगा। लेकिन आप जानते हैं कि लद्दाख सबसे पिछड़ा हुआ इलाका है। आर्थिक, सामाजिक तथा शिक्षा, सभी क्षेत्रों में लद्दाख सबसे पिछड़ा हुआ है। अब शिक्षा क्षेत्र में वहां पर थोडी बहुत तरक्की हुई है वर्ना पहले वहां कुछ भी नहीं था। इस तरफ वहां पर और भी ज्यादा ध्यान देने की जरूरत है।

आजकल हमारे जम्मू कश्मीर के जो मुख्य मंत्री सैयद मीर कासिम हैं वे बहुत शक्तिशाली आदमी हैं। मैं यहां पर संसत्सदस्यों को बताना चाहता हूं कि वे वहां कोई गड़बड़ी नहीं होने देंगे। जम्मू कश्मीर के लोगों को उन पर पूरा भरोसा है। विशेषकर लद्दाख के लोग मुख्य मंत्री सैयद मीर कासिम पर पूरा भरोसा करते है। लेकिन साथ-साथ आपकी सहायता भी होनी चाहिए। हमारे लद्दाख में 1969-70 से पानी की बहुत कमी हुई है। वहां बारिश तो होती नही — केवल साल मे एक इंच बारिश होती है। वहां पर जो बर्फ पड़ती थी वह बर्फ भी आजकल नही पड़ रही है सर्दियों मे, इसलिए पानी की बड़ी कमी हो गई है। ऐसी हालत मे वहा विशेष ध्यान देने की जरूरत है।

मैं प्रधान मंत्री जी का आभारी हूं दिन रात देश विदेश के मसलों मे व्यस्त रहते हुए भी वे दो बार लद्दाख आई और सारी बाते देखी लेकिन केन्द्रीय सरकार का कोई भी मिनिस्टर वहां पर नही आया। केन्द्रीय सरकार के मिनिस्टरो को भी वहां आना चाहिए और देखना चाहिए। मुझे बड़ा अफसोस है कि जम्मू कश्मीर से तीन मिनिस्टर केन्द्रीय कैबिनेट में बैठे हुए है लेकिन उनमे से कोई भी लद्दाख नही आया। क्या लद्दाख जम्मू-कश्मीर के साथ मे नही है? तो वहा पर मिनिस्टरो को आना चाहिए और देखना चाहिए। वहा पर खाद्यान्न की बड़ी मुश्किल है। मैं राज्य सरकार का बहुत शुक्रिया अदा करता हूं कि उन्होंने बहुत सा अनाज वहा पर भेजा, जानवरों के लिए घास भी भेजी लेकिन वहां के लोग इस राशन और घास को लेकर कब तक रहेंगे? मेरी प्रार्थना है कि सेन्ट्रल गवर्नमेंट की तरफ से वहा पर कोई दल भेजा जाना चाहिए जोकि जाकर सारी चीजो को देखे। वहाँ पर चार पांच बड़ी बड़ी दरियाये बहती है, उनको प्लान बनाकर उपयोग मे लाने की जरूरत है। वहां पर जापान के पंप्स पावरलेम की बहुत जरूरत है क्योंकि पानी की बहुत कमी है। इसी तरह से वहा पर बिजली की भी बहुत कमी है। उसके लिए भी योजना बनाने की जरूरत है।

हमारे लद्दाख मे लेह, कारगिल और जंस्कार तहसीले है। जंस्कार तहसील में अभी कोई भी तरक्की नही हुई है। कारगिल मे पनबिजली की योजना होनी चाहिए। मैंने बार-बार इस सदन मे अर्ज किया है कि लेह मे स्तकना पनबिजली प्रोजेक्ट बना है लेकिन उसका काम बहुत धीमा है, उसमे तेजी लानी चाहिए।

इसी तरह से लद्दाख के लोग शिक्षा का बहुत शौक रखते है लेकिन उनको वजीफा नही मिलता है। वजीफा मिलता भी है तो बहुत कम मिलता है। उनको वजीफा ज्यादा मिलना चाहिए। वहा के लोगो को भी अगर आप तरक्की की तरफ ले जाये तो बहुत अच्छा होगा। जहा पर तरक्की हुई है वहा पर और तरक्की करनी चाहिए, इसमे कोई हर्ज नही है लेकिन जहा पर आज तक कुछ भी नहीं हुआ है वहा पर कुछ न कुछ करना बहुत ही जरूरी है।

इसी तरह से मेरी प्रार्थना है कि डिस्ट्रिक्ट लद्दाख को शेड्यूल्ड ट्राइब्ज और शेड्यूल्ड एरिया मे लेना चाहिए। जो बार्डर एरियाज है जैसे चागथाग और जो दूसरे क्षेत्र है उनको शेड्यूल्ड ट्राइब और शेड्यूल्ड एरिया मे लेना चाहिए।

इसी प्रकार से जो लद्दाख की भाषा है उसको बोलने वाले देश मे पांच लाख लोग है। सिक्किम, भूटान और तिब्बत के लोग सभी इसी भाषा को बोलते है। इसके लिए मैं ने पहले भी अर्ज किया था कि संविधान की अनुसूची मे 19वीं भाषा के रूप मे इसे शामिल करना चाहिए। जम्मू और कश्मीर राज्य मे यह मान्यता-प्राप्त भाषा है। मैं चाहूंगा कि लद्दाख मे इन सब बातो की तरफ विशेष ध्यान दिया जाये।

श्री सुधाकर पांडे (चंदौली) : उपाध्यक्ष जी, मै राष्ट्रपति जी के भाषण और उसमें उल्लिखित जो विकास मूलक तत्व हैं उनका अभिनन्दन करता हूं। सारे देश की जनता ने समाजवाद के घोषणा पत्र पर हस्ताक्षर किया है और देश मे समाजवाद के लिए एक भावोदय हुआ है। भाव का उत्पन्न होना सामान्य बात नहीहै

[श्री सुधाकर पांडे]

किन्तु उसके लिए भाषा की अपेक्षा होती है। यद्यपि श्री अच्युत पटवर्धन जैसे विचारक मानते हैं, अभी हाल में कल परसों की बात है, उन्होंने काशी में सार्वजनिक रूप से कहा हैं कि वर्तमान दलों में यदि कोई दल सर्वाधिक समाजवादी दल इस समय देश में है तो वह कांग्रेस ही हैं। जब समाजवादी दल की कांग्रेस में स्थापना हो रही थी 1936 में, तो पंडित जवाहरलाल नेहरू ने संदेश भेजा आचार्य नरेन्द्र देव जी और जय प्रकाश नारायण जी के नाम यदि समाजवाद आना है, तो जनता की भाषा का उपयोग और प्रयोग करना होगा परन्तु हमारा दुर्भाग्य यह रहा है कि स्वतंत्रता के बाद शिक्षा और संस्कृति के क्षेत्र पर जितना ध्यान देना चाहिए था उतना नही दिया गया। कोई भी देश प्रगति नहीं कर सकता, कोई भी देश उन्नति नहीं कर सकता और वहां समाजवाद भी नही आ सकता है यदि उस की अपनी भाषा नहीं होगी और उस की अपनी कोई संस्कृति नहीं होगी। इस देश की संस्कृति सदा से समाजवादी रही है क्योंकि भारत ही एक ऐसा देश है जो सदा से भेद में अभेद देखता रहा है। यह हमारी संस्कृति की मूल चेतना है और इस संस्कृति की चेतना को कुछ सम्प्रदाय वाले कुछ हिन्दू के नाम पर और कुछ मुसलमान के नाम पर संकीर्ण करते रहे हैं। साम्प्रदायिकता संकीर्णता की भावधारा है क्योंकि जहां संकीर्णता होगी वहां अगति होगी, जहां संकीर्णता होगी वहां पर मृत्यु की उपासना होगी। जीवन की उपासना वहां होती है जहां अभेद की दृष्टि होती है, जहां अभेद की जय होती है। अभेद की दृष्टि तब तक नहीं प्रवर्द्धित हो सकती है जब तक कि सांस्कृतिक पक्ष की ओर ध्यान न दिया जाए, किन्तु यह दुर्भाग्य रहा है देश का कि 25 वर्षों के भीतर हम कोई स्पष्ट शिक्षा नीति नहीं अपना पाए। यही एक ऐसा विषय है कि जितने भी आयोग बने चाहे वे राज्य स्तर पर बने हों, चाहे भारतीय सरकार के स्तर पर, चाहे आचार्य नरेन्द्र देव आयोग रहा हो और चाहे वह सम्पूर्णानन्द कमीशन रहा हो, चाहे वह राधाकृष्णन कमीशन रहा हो और चाहे कोठारी साहब कमीशन रहा हो, किसी भी कमीशन की बात नहीं पूरी सुनी गई और किसी भी कमीशन की बात को पूर्णतः कार्यान्वित नहीं किया गया है, उनकी जो उपलब्धियां हैं उनको कार्यान्वित नहीं किया गया है।

गांवों में जब हम जाते हैं तो यह देखते हैं कि प्राइमरी पाठशालाओं की यह स्थिति हो गई है कि उन में जानवर और चिड़ियां भी चैन से नहीं रह सकते। पेड़ों पर बने घोंसले अधिक अच्छे हैं अपेक्षाकृत उन प्राइमरी पाठशालाओं और उन स्कूलों के जिन में भावी भारत के भविष्य विधाता और कल जो भारत के भविष्य-विधाता होने वाले हैं, शिक्षा प्राप्त करते है। यह सही है कि यह विषय राज्य का विषय है किन्तु हम यह जानते है कि जहां भी प्रगति में कोई चीज बाधक होगी, चाहे राज्य प्रगति मे बाधक हो या व्यक्ति प्रगति में बाधक हो, या दल प्रगति में बाधक हो, उस अवरोध को हमें हटा देना चाहिए यदि हम वास्तव में समाजवादी है। यदि आवश्यकता इस बात की है कि शिक्षा को केन्द्र का विषय होना चाहिए तो उसके बनाने मे किसी प्रकार की चिन्ता नहीं करनी चाहिए, किसी प्रकार की परवाह नहीं करनी चाहिए और निश्चय ही जो हमारे नौनिहाल हैं उनके लिए शिक्षा के क्षेत्र में ओजस्वी ढंग से कार्य करना चाहिए।

क्रेश प्रोग्राम में कुछ प्राइमरी पाठशालाओं के लिए कुछ किया जा रहा है और हमारे घोषणा पत्र में भी प्राइमरी पाठशालाओं के लिए कुछ कहा गया है लेकिन वह जलते तवे पर जल छिड़कने मात्र है और उस से कोई काम नहीं होने वाला है।

दूसरी बात मुझे यह कहनी है कि समाजवाद हमें लाना है माध्यम की पवित्रता की बात गांधी जी भी कहते थे और हम लोग भी कहते हैं लेकिन जिस मशीनरी के माध्यम से समाजवाद ले आना है उस से एक नहीं हजार वर्ष तक भी हम लोग समाजवाद का नारा देते रहें तो वह भी माध्यम कभी भी किसी प्रकार समाजवाद नहीं लाने देगा। वह जनता के बीच में मध्यस्थता

(दलाली) कर के हमारी आर्थिक प्रगति को रोके हुए है। सरकारी कर्मचारियों का जो तंत्र है, जो यंत्र है वह तंत्र और यंत्र हमारी प्रगति से मूलतः बाधक है क्योंकि योजना बनाने मे हम उन की सलाह लेते हैं लेकिन जब कार्यान्वयन की बात आती है तो उस का कार्यान्वयन कभी नही होता है और उस का परिणाम यह होता है कि दिनोत्तर व्यय भार योजना पर बढ़ता जाता है और बहुत सी योजनाओं के व्यय-भार बढ़ने के कारण हमारा गरीब देश साधन उपलब्ध नही कर सकता है। उसका परिणाम यह होता है कि हमारी योजनाएं खटाई मे पड़ जाती है और जो प्रगति होनी चाहिए वह प्रगति नहीं हो पाती। जब हमारे भीतर किसी प्रकार की कोई कमजोरी नहीं है तो जो अवरोध किसी भी प्रकार हमारे रास्ते मे आता है उस अवरोध को समाप्त करने में किसी प्रकार भी हमे हिचकना नही चाहिए। किसी प्रकार की चिन्ता नही करनी चाहिए, नही तो 1967 मे जिस तरह से जनता ने आक्रोश दिखलाया था हमारे ऊपर और विरोधियों ने समझ लिया था कि जनता का उन्हें प्यार प्राप्त हो रहा है तथा वे जनता के भाग्य विधायक हो गये है, उसी प्रकार का धक्का 1976 मे फिर से खाना पड़ सकता है। इसलिए मैं शासन से निवेदन करना चाहता हूँ क्योकि शासन अपना है, देश की जनता का है कि इस टी० बी० के कीटाणु से देश की जनता की रक्षा करनी चाहिए (व्यवधान) टी० बी० के जो कीटाणु हैं इन से देश की और समाज की रक्षा की जाए, नहीं तो प्रगति नही होगी।

तीसरी बात की ओर मैं आपका ध्यान आकृष्ट करना चाहता हूं कि बहुत से विदेशी लोग या बहुत सी विदेशी संस्थाएं हमारे देश में नाना प्रकार का प्रचार और प्रसार करती है और इन संस्थाओं में अन्तर्राष्ट्रीय संस्थाएं भी बहुत सी है और वे हमारी सहायता भी करती हैं, हमारी मदद भी करती हैं। ये वे लोग हैं जो हमारे हितों के विरोधी हैं, सामान्य जनता के हितों के विरोधी और सारे संसार की सामान्य जनता, जो कि सुख शान्ति और चैनपूर्वक रहना चाहती है, के हितों के विरोधी हैं। मै विशेषकर अमरिकन सामाजिक संस्थाओं की बात करना चाहता हूं जिन के माध्यम से हमारी गरीबी, हमारी दरिद्रता का प्रचार और प्रसार किया जाता है। अभी 26 तारीख के 'आज" अखबार में छपा था कि इन्टरनेशनल राटेरी ने कोई हमारा मानचित्र एक पुस्तक में छापा, तो उस मानचित्र में हमारा बहुत बड़ा अंग नही दिखाया गया है। यदि विदेशी माध्यम के प्रचार को और यह जो कोका कोला के विज्ञापन आप देखते है हमारी विजय पर, उनको आप देखे तो वे भारत की गरिमा को ठेस पहुंचाने वाले है भले ही उस में कोई बात साफ ढंग से न लिखी हो। मेरा कहना यह है कि इन संस्थाओं के अंतरंग का पता लगाया जाना चाहिए।

एक बात और कहना चाहता हूं कि प्रिवी पर्स समाप्त कर दिया, राजाओं के विशेषाधिकार हमने समाप्त कर दिये। यह हमने बहुत अच्छा किया और इस को बहुत पहले हो जाना चाहिए था, किन्तु देश की हजारों वर्ष की कलात्मक वस्तुएं और हमारे ज्ञान विज्ञान के ग्रन्थ, इन के संग्रहालयों में पड़े हुए है और कुछ उनका व्यापार भी करते है। बहुत से सड़ जाते है और उनकी व्यवस्था नही कर पाते है। इन को शासन को अपने हाथ में लेना चाहिए। कानून बना कर हमारे ज्ञान, विज्ञान, कला और संस्कृति की चीजें जो कि जनता के हाथों से बनी थी, जनता की गाढ़ी कमाई से जो बनी है, उन के निश्चित रूप से सरक्षण और सुरक्षा की व्यवस्था होनी चाहिए क्योंकि वह शासन बड़ा होता है, वही लोग बड़े होते हैं, वही सरकार बड़ी होती है, जो कला और संस्कृति को प्रोत्साहन देती है। वास्तव में वह गरीब लोगों की कमाई रही है। राज दरबार में जो साहित्यकार और कलाकार रहते थे, वे अपने पेट के भोजन के लिए और जीवन यापन के लिए अपनी कला को इन राजाओं के मनोरंजन के लिए बेचते रहे और उन का संग्रह उन के पास है, जिस को अगर कोई देखना चाहे, या परखना चाहे तो देख और परख नहीं सकता है। मेरी सरकार से प्रार्थना है, मेरा सरकार से आग्रह है

[श्री सुधाकर पांडे]

कि इन कला-कृतियों को जिन का व्यवसाय बड़े व्यापक पैमाने पर हो रहा है, अमरिका से भी हो रहा है और बहुत तेजी से होता है, उसको रोके । मैं समझता हूं कि लाखों करोड़ों रुपये की चोरबाजारी हो रही है । इस को रोकने के लिए विधेयक तो आने वाला ही है किन्तु वह विधेयक पर्याप्त नहीं होगा । इसलिए मेरा यह कहना है कि इन राजा-महाराजाओं के संग्रहालयों को राष्ट्र की सम्पत्ति घोषित कर दिया जाए और उन्हें निश्चित रूप से सरकार को ले लेना चाहिए ।

अन्त में मैं सरकार से अनुरोध करूंगा कि समाजवाद की यदि स्थापना करनी है, तो वह भारतीय भाषाओं से ही होगी और उसके उन्नयन के लिए कार्य करना होगा । अगर उस के उन्नयन के लिए कार्य नहीं करते हैं और वोट लेने की भाषा को, जन जीवन की भाषा को शासन की भाषा नहीं बनाते हैं तो निश्चित रूप से हम अपने साथ और अपनी जनता के साथ फरेब करते है ।

इन शब्दों के साथ मैं राष्ट्रपति के अभिभाषण का अभिनन्दन करता हूँ और सरकार से जो मैं ने अनुरोध किया है, मैं विश्वास करता हूँ कि सरकार उस पर अवश्य विचार करेगी ।

श्री प्रताप सिंह नेगी (गढ़वाल) : उपाध्यक्ष महोदय, मैं, राष्ट्रपति महोदय के भाषण पर जो धन्यवाद प्रस्ताव है, उस का समर्थन करने के लिए खड़ा हुआ हूँ । मुझे इस बात की खुशी है कि हमारी सरकार ने समाजवाद का नारा केवल नारा ही नहीं लगाया है बल्कि समाजवाद को मूर्त रूप देने के लिए कदम भी उठाने शुरू कर दिये हैं और सब से बड़ी बात है कि गरीबी हटाओ, गरीबी मिटाओ, यह आन्दोलन ही नहीं बल्कि इसको कार्य रूप में परिणत करना भी आरम्भ कर दिया है । इसके लिए मैं अपनी सुयोग्य प्रधान मंत्री को जितना भी धन्यवाद दूं वह थोड़ा ही है । मुझे आपके द्वारा यह भी कहने का साहस हो रहा है कि सरकार ने इस समय हमारे पूर्वोत्तर के पहाड़ी प्रान्तों को पूर्ण राज्य का दरजा दे दिया है । जो आज तक बिल्कुल पिछड़े हुए थे । मैं आपके द्वारा यह कहने का भी साहस कर रहा हूं कि पर्वतीय और सीमान्त क्षेत्रों हिमाचल प्रदेश, अरुणाचल, मेघालय, त्रिपुरा, आदि उनको राज्य का दर्जा दे दिया गया है और उनको यह अवसर प्रदान कर दिया गया है वे अपने पिछड़े हुए इलाके को उन्नत बनाने के लिए स्वयं प्रयत्न करें और अपने पैरों पर खड़े हों । लेकिन मुझे बड़े दुख के साथ आपके सामने यह कहना पड़ रहा है कि हमारे उत्तर प्रदेश के जो आठ पहाड़ी जिले हैं, वे आज भी बहुत ज्यादा पिछड़े हुए है और उनको कोई देखने वाला नहीं है । मैं आपके द्वारा सरकार का ध्यान इस बात की ओर दिलाना चाहता हूं कि 1961 में दस-ग्यारह मार्च को इसी दिल्ली में गढ़वाल के सैकड़ों हमारे भूमिहीन भाई एक बड़े भारी जत्थे के साथ प्रदर्शन करने आए थे और उन्हें हमारे स्वर्गीय राष्ट्रपति डा० राजेन्द्र प्रसाद जी ने आश्वासन दिया कि उत्तर प्रदेश की सरकार को वह लिख रहे है और उनकी भूमि समस्या हल हो जाएगी । लेकिन आपको सुन कर ताज्जुब होगा कि आज ग्यारह वर्ष पूरे हो गए है लेकिन एक चप्पा भर भूमि भी किसी भूमिहीन को आज तक नहीं दी गई । हमारे भूमिहीन भाई कभी जेल मे सड़ते है और कभी वहीं भटकते है लेकिन भूमि उन्हें मुहैया नहीं होती है ।

इसी प्रकार मैं आपको यह भी बता देना चाहता हू कि 1962 की पहली सितम्बर को आज के संचार मंत्री श्री बहुगुणा जी ने कर्मभूमि में लिखा था कि गढ़वाल ही नहीं बल्कि हमारे उत्तर प्रदेश के जो आठ पर्वतीय जिले है वे पूरी तरह से पिछड़े हुए है और अगर उनको जनता को शरणार्थियों की संज्ञा दी जाए तो यह कोई अत्युक्ति नहीं होगी । यह हालत हम लोगों की है । इसके अलावा जून 1966 मे हमारी जनप्रिय प्रधान मंत्री जब पौड़ी में तशरीफ लाई थीं तब उन्होंने एक सार्वजनिक सभा में वहां भाषण किया था और अपने भाषण में उन्होंने कहा था कि मैंने आज तक ऐसी गरीबी के दर्शन नहीं किए जिसको कि मैं गढ़वाल में देख रही हूं ।

यह गरीबी 1947 से पहले जब हम लोग गुलाम थे तब जरूर देखने को मिलती थी लेकिन आजाद होने के बाद मैं पहली बार ऐसी गरीबी देश के किसी भाग मे देख रही हू ।

उपाध्यक्ष महोदय, आप तो जानते ही है कि हमारी सीमा एक तरफ तिब्बत से मिली हुई है और दूसरी तरफ नेपाल से मिली हुई है। वह एक पहाडी इलाका है । वहाँ अन्न का उत्पादन नही के बराबर होता है। इस वास्ते आपको देखना पडेगा कि किस तरह की फल पत्तिया वहा उग सकती है, किस तरह से जडी बूटियो का अच्छा इस्तेमाल हो सकता है, किस तरह से उद्योग वहा चल सकते है और किस तरह से इस इलाके की बहबूदी हम कर सकते है । आबादी के लिहाज से भी जिन पहाडी और सीमान्त इलाको को इस समय स्वायत्तता प्रदान की गई है, जिन को पूरे प्रान्त का दर्जा दिया गया है, उन मे से केवल काश्मीर ही एक ऐसा इलाका है जोकि हम से आबादी में बडा है और वहा की आबादी हमारे पहाडी जिलो की आबादी से आठ लाख अधिक है । बाकी जितने भी इलाके है जिन का मैने जिक्र किया है उनकी आबादी हम से कम है । हमारी आबादी 35 लाख 7 हजार है जबकि हम के बगल मे हिमाचल प्रदेश की आबादी 34 लाख है । इसी तरह से बाकी जितने भी पर्वतीय सरहदी सूबे बने है, उनमे किसी की आबादी पन्द्रह लाख, सोलह लाख से अधिक नही है । हमारी आबादी दूसरे नम्बर पर है इन पहाडी और सरहदी इलाको मे । हमारी प्रधान मंत्री जी गरीबी हटाना चाहती है, गरीबो को राहत पहुचाना चाहती है, बेरोजगारो को रोजगार देना चाहती है । मै समझता हू कि समय आ गया है कि आज हम लोगो को भी अपनी किस्मत का फैसला करने का अवसर प्रदान किया जाना चाहिए और इन हमारे आठ पर्वतीय जिलो को स्वायत्तता प्रदान कर दी जाए, हम को भी मौका दिया जाए कि हम हिमाचल प्रदेश की तरह, काश्मीर की तरह, नेफा की तरह तथा दूसरे पर्वतीय प्रान्तों की तरह अपने इलाके की तरक्की के लिए स्कीमे बना सके, अपने इलाके को उन्नत बना सके । हमारी प्रधान मंत्री विशाल हृदया है, उनके दिल मे गरीबो के लिए दर्द है, इसे मिटाने के लिए बेचैन हो उठती है और यदि उन जैसी सहृदयी प्रधान मंत्री जब हमारे पास मौजूद है और वह समाजवाद की ओर बढना चाहती है, उनके होते हुए अगर हमारा उत्थान नही हुआ, हमारी तरक्की नही हुई तो मैं समझता हू कि भविष्य मे कभी नही हो सकेगी और भारतवर्ष के माथे पर यह एक कलंक का टीका लगा रह जाएगा और इन आठ जिलो की 38 लाख के करीब आबादी की बुरी हालत मे कोई सुधार नही हो सकेगा ।

मैं निवेदन करना चाहता हू कि समय आ गया है जब आप हमे मौका दे और मैं आपको बता देना चाहता हू कि हमारे ये पहाडी जिले ऐसे नही है कि इन मे कुछ पैदा ही न हो सकता हो । देहरादून को आप ले ले, गढ़वाल को आप ले ले, अल्मोडा को आप ले ले । वहा सिमेंट— जिससे बनता है उस पत्थर के पहाड के पहाड भरे पडे है और बडे अच्छे सिमेंट के कारखाने वहा स्थापित हो सकते है। हमारे यहा वन सम्पदा का अपार भंडार है और उसका विकास हो सकता है । हमारे यहा चीड के पेड से जो बिरोजा निकलता है, उसका उपयोग नही होता है । बरेली मे उसको ले जाकर टरपेंटाइन फैक्ट्री मे उसका उपयोग किया जाता है। हम लोग फैक्ट्री के लिए तरस रहे है । मै आपको हाल ही का एक उदाहरण देना चाहता हू । मैंने उत्तर प्रदेश की सरकार को एक दरख्वास्त दिलाई कि और कुछ नही तो कम से कम लिखाई के लिए कुछ कोटा ही वह हमारे लिए मुकर्रर कर दे ताकि यह उद्योग वहा खोला जा सके लेकिन उसका जवाब यह मिला कि अभी यह नहीं मिल सकता है, आगे देखा जाएगा । कागज के लिए बडी मात्रा मे कच्चा माल वहाँ उपलब्ध है । वहा उसका अपार भंडार है । जडी बूटियो का अपार भंडार है । उन सब से वहा की जनता को लाभ हो, इसका मौका हमे दिया जाना चाहिऐ । यदि हमको भी अपनी किस्मत का फैसला करने का मौका मिले तो ज्यादा अच्छा होगा ।

[श्री प्रताप सिंह नेगी]

इन शब्दों के साथ मैं राष्ट्रपति जी के अभिभाषण पर जो धन्यवाद का प्रस्ताव रखा गया है, उसका समर्थन करता हूं और उनको बधाई देता हूं ।

SHRI DEVENDRA SATPATHY (Dhenkanal) : I am extremely thankful to you because you have given me a chance to speak today. For the last so many days I have been sitting through in this House expecting my name to be called at any moment. Fortunately, the Deputy-Speaker who is in the Chair called me, and I am very thankful to him for this, because he has been very kind to call me.

I am grateful to the President for the speech that he has delivered I could not hear his speech but I could only read it ; I could not hear it because there was a lot of noise and disturbance in the Central Hall on that day. But in spite of that disturbance, throughout the country it is a matter of satisfaction that a new wave of hope and confidence has spread all over the country. It seems the nation is preparing for a big change, for a brighter future. During the last four or five years, since 1967, almost all the political parties in the country were given a chance either in this State or that to rule. All these parties have been tested by the Indian people and ultimately it was found that they voted for Shrimati Indira Gandhi's party, that is, the Congress. It seems that our nation has become really politically mature. But we have to go a long way. Our President has pointed out in his speech that peace on our borders is still uneasy and vigilance cannot be relaxed. This sentence is very significant because there is always the fear of our being led into facile optimism.

It is said that we are moving towards socialism. Basically socialism is an economic concept. On the economic front, many things are to be done. In the concluding portion of his Address, the President has said :

> "Let the nation heed the summons of greatness, a greatness not of conventional power but of the spirit".

What is that spirit ? We speak of *garibi hatao*.....,

SHRI SHASHI BHUSHAN (South Delhi) : It is *amiri hatao*.

SHRI DEVENDRA SATPATHY : Both are the same thing because unless *amiri* is driven away, *garibi* will not go.

As I said, on the economic front, many things remain to be done. People need a new inspiration to dedicate themselves to hard work. What is this dedication ? We have to transform the present competitive society into a co-operative society. It is a long way to go. It is just like the iron ore fresh from the mine being transformed into steel for being made into a surgeon's knife. The iron has to be put in the furnace, melted, purified, beaten into shape and then made into the surgeon's knife. The same process a nation has to go through when it is undergoing a transformation from a competitive society to a society of co operation. It has to go a very long way encountering much difficulty on the way.

Here the President refers to greatness not of conventional power of the spirit. What is that spirit ? During these anxious days we passed through, a woman of India has shown to the world the way it has to go. I am not just praising Shrimati Indira Gandhi, though, of course, I do ; but it is not like that. All thinking people in this country believe and are confident and sure that this woman of India has shown the way to the world in which way it should go. I think this is the power of the spirit.

Today many nations have the power to destroy the whole world. Sitting in their home places and pressing a button, they can destroy any nation in the world. This is conventional power. But the President is asking us to be great not in conventional power but in the power of the spirit. What is that spirit ? If nations have got the power to destroy the whole world by sitting at their own place and pushing a button and if we have the power in this country, if we can save the world, we can say that we have got the power of the spirit. Fortunately enough, this spirit is not unknown to this country, to this nation. This nation has always been the worshipper of spirit. In the midst of our military, economic and social preoccupations, we need to be deeply aware of the spirit and the soul of our nation, and the power of our soul.

Again, you may ask what is the relation between *Garibi Hatao* and the power of the soul ? If we look deeply into the history of India, we can find that when India was at the zenith of its prosperity, the vibrations of her soul were heard abroad *Garibi Hatao* is not merely a distribution of wealth. Economic prosperity depends on ever-increasing production. To have more production, the people must be enthused, the people must be at their high spirits to work hard, and to work more. Production depends upon the enthusiasm of the people. It depends upon the joy of work. If a person does not get the joy of work, he cannot work. If you go to the villages, you see that when we ask the people to work ; they do not have the joy of work Among the officials, clerks and others, you find that they do not have the joy of work. If the joy of work is not there, you can shout and you can talk and do so many things but you cannot make them work.

SHRI K. MANOHARAN (Madras North) : Why is it not found ? Please tell us.

SHRI DEVENDRA SATPATHY : I will tell you ; I am a bad speaker ; but allow me to say—

SHRI K. MANOHARAN : No ; not that ; please enlighten us.

SHRI DEVENDRA SATPATHY : It is just like this. If you take a cup of water and go on beating it for four days and drink it, it would not taste sweet. But if you can put a spoonful of sugar into it, without beating it for four days, you find the sweetness of water. So, something is lacking in this. That sweetness is lacking here. That is why we are going on beating the water for several days, months and years, but that sugar is lacking. So, what is that sugar ? That is what our President has pointed out. (*Interruption*)

For *Garibi Hatao*, we need also have proper distribution. If we have a dead machinery for distribution, you are a dead nation. If we have a living machinery for distribution, then you are a living nation, when the entire nation pulsates with the living force of soul. That is why we need a good system of education. I am surprised at the President's Address ; I read it very carefully, but I find that the President has been absolutely silent about education. I do not know why he preferred to be silent about education. For the last 25 years, education is a subject that has been utterly neglected, Even now it is neglected. Commissions after Commissions are being set up. Recently, the Kothari Commission was set up and the Kothari Commission said that the aim of education is socialism, secularism and democracy and all that. But what is secularism ? I have asked many people, and they have not been convinced, what is secularism. The Kothari Commission has gone into it in some depth and said that secularism is not inconsistent with spiritual and moral values, and it has recommended that spiritual and moral values should be taught to the pupils. But nothing has been done as yet. Even big people in charge of the Education affairs do not understand what is secularism Recently I had had some discussions with some persons ; they do not know what secularism is They say everything. Why is there a chair for Islamic studies in the university, I ask ? Can they say it is not secular ?

आर्थिक विकास के सम्बन्ध में राष्ट्रपति जी ने बड़ी सुन्दर बात कही है। एक मूलभूत बात है कि हमारा देश कृषि प्रधान देश है, इसमें सौ में 72 लोग गांवों में रहते हैं। उन्होंने सिंचाई की ओर थोड़ा इशारा किया है। मुझे इस बात का बड़ा दुख है कि सिंचाई के प्रावधान में हमने बड़ी उदासीनता का व्यवहार किया है। फर्स्ट थिंग फर्स्ट का प्रिंसिपल यह है कि बायलाजिकली धरती को पानी चाहिए। पानी मिल जाने के बाद हाइब्रिड सीड, फर्टिलाइजर, पेस्टीसाइड्स यह सारे साफिस्टिकेशंस बाद में आते हैं। सबसे पहली आवश्यकता पानी की है। आपने चौथी पंचवर्षीय योजना के अंत तक पचास प्रतिशत सिंचाई का जो प्रावधान किया था उसमें 28 प्रतिशत तक ही पहुंचे। 22 प्रतिशत हम अभी पीछे हैं। इस 22 प्रतिशत के संकल्प को पूरा करने के लिए जिसको पूरा करने में हम पीछे रह गये हैं, 750 करोड़ रुपया हमें चाहिए। हमारे यहां नदी नाले और बड़ी-बड़ी नदियां हैं, पानी की कोई कमी नहीं है। तीन हजार 6 सौ मिलियन एकड़ फीट पानी धरती पर ऊपर से बरसता है। लेकिन सिंचाई के प्रावधान में केवल 150 मिलियन एकड़ फीट पानी आता है। इस प्रकार आपने जितनी योजनाएं बनाई वह अधूरी रह गई। इसलिए मेरा निवेदन है कि फर्स्ट थिंग फर्स्ट को प्राथमिकता मिलनी चाहिए। सिंचाई की एक नीति होनी चाहिए। नाली, नाले, नदियों को बांधकर जल को खेतों की ओर उन्मुख कर दें तो फिर किसान आपसे कुछ नहीं चाहता। जितना पानी ऊपर से बरसता है वह तो ठीक है। लेकिन टैंक इर्रीगेशन, लिफ्ट इर्रीगेशन, नालों का पानी, नदियों का पानी जो बेकार चला जाता है जिससे सिंचाई नहीं होती है उस सबका प्रावधान कर दिया जाय योजना में। पंचवर्षीय योजना में, मैं आपके माध्यम से श्रीमती इन्दिरा गांधी, प्रधान मंत्री जी से प्रार्थना करूंगा कि प्राथमिकता सिंचाई को देनी चाहिए। सिंचाई को प्राथमिकता देने से सेल्फ-जेनरेटिंग एकोनामी का सिलसिला पैदा होगा क्योंकि खेती से जो सामान हम पैदा करते हैं, उससे 79 परसेंट फारेन एक्सचेंज प्राप्त करते हैं। किसान श्रम करता है, फारेन एक्सचेंज अर्न करता है। उसके बाद जो नेशनल इनकम 30 हजार करोड़ की है उसमें आप जो प्राविजन करते हैं वह केवल 15 हजार करोड़ है। जो रुपया आता है वह अग्रेरियन एकोनामी से आता है। किसानी के सेक्टर से आता है। लेकिन आप उसमें जो प्लाऊ बैक करते हैं वह सिर्फ 22 प्रतिशत है। साधारण अर्थ-व्यवस्था का नियम है कि जिस सेक्टर से जितना पैसा आए उतना प्लाऊ बैक होना चाहिए। इन्द्र भगवान की कृपा से तीन चार वर्ष से वर्षा अच्छी हो रही है। 11 करोड़ टन के करीब हमारे यहां अनाज हो रहा है। और अब हम डेफिसिट से प्लेन्टी की ओर शिफ्ट कर रहे हैं, यानी कमी से बहुतायत की तरफ बढ़ रहे हैं। जैसे हमारे यहां 85 लाख कपास की गांठें हो गई तो सवाल उठा कि कैसे खरीदें और कहां रखें? किसान को रेम्युनरेटिव प्राइस देने के लिए हम बाध्य हैं जैसा कि गेहूं के मामले में हमने किया। गेहूं के प्रोक्योरमेंट में किसान को अच्छी कीमत मिले इसके लिए हमने

[श्री रामसहाय पांडे]

प्रावधान किया है। तो अब किसान में सेन्स आफ कांशसनेस, एक आत्म-चेतना का भाव पैदा हो गया है। वह अधिक उत्पादन करना चाहता है। किसान चाहता है कि उसके हाथ सदा मिट्टी में सने रहें। उसको पानी चाहिए। हिन्दुस्तान में जितना भी पानी होता है उसका पांचवां हिस्सा यानी 20 प्रतिशत मध्य प्रदेश को प्राप्त है। लेकिन वहां सिंचाई केवल 6 प्रतिशत है। जिस प्रदेश में इतनी विपुल सम्पत्ति हो, जनसंख्या भी कम हो धरती अधिक हो, किसान अधिक हों, लेकिन वहां पर पानी न हो तो यह एक बड़ी भारी दुर्व्यवस्था और कारण हो सकता है। मैं विशेष निवेदन करना चाहता हूं जैसा कि डा० के० एल० राव ने अपने बयान में कहा था कि मध्य प्रदेश में न रेलें हैं, न यातायात के साधन हैं, न सिंचाई का प्रबन्ध है और न औद्योगीकरण है। केवल एक भिलाई स्टील प्लान्ट है। हम चाहते हैं कि एक कमीशन बना कर जो वहां की नेचुरल सम्पदा है उसका सर्वे कराया जाय। मैं आपका ध्यान बिजली की ओर दिलाना चाहता हूं। कोरवा में कोल बेस्ड थर्मल एलेक्ट्रिक प्लान्ट लगा दिया जाए। रिपोर्ट यह है कि 3 हजार मेगावाट बिजली पैदा करके 6 प्रदेशों को दे सकते है—उत्तर प्रदेश, बिहार, पंजाब, हरयाना, राजस्थान और महाराष्ट्र को। कोयले से बनी हुई बिजली हम उनको देंगे। हमसे इन प्रदेशों वाले कोयला मांगते हैं। जब कोयला मंगाते है तो वेगन इंग्रेज होते हैं। उसमें वेगन की सप्लाई में बडी सुविधा होगी। इसलिए कोल बेस्ड थरमल प्लान्ट, जो तीन हजार मेगावाट बिजली पैदा कर सकता है, से हम बिजली सप्लाई करने का दावा करते हैं। इस तरह से कोल बेस्ड फर्टीलाइजर्स प्लान्ट भी है, उसको भी प्राथमिकता मिलनी चाहिए।

एक समस्या और है जिसका जिक्र मैं इस सभ्यता के युग में करना चाहता हूं और वह है डाकू समस्या। श्रीमन् बंगला देश से हम निपट लिये। उसको स्वतंत्र कराया। पाकिस्तान से युद्ध हुआ, उसमें हम विजेयी हुए। हमारी ख्याति और कीर्ति का सारे संसार में उदय हुआ। आज हमें यह सुनकर बड़ी प्रसन्ता हुई है कि श्री पंत जी बड़ी लगन के साथ इस डाकू समस्या का समाधान करने जा रहे है और तीन मंत्री भी इस कार्य में लगे हैं (**व्यवधान**)।

आप यह देखिये कि डाकुओं की परम्परा कहां से आई। इस परम्परा का जन्म फ्यूडल सोसायटी से हुआ। तीन कांस्टीटुयेन्सीज हैं जहां पर ये डाकू भरे पड़े है। एक है भिंड कांस्टीटुयेन्सी जो कि महाराजा सिंधिया की कास्टीटुयेन्सी है। एक है ग्वालियर की कांस्टीटुयेन्सी, जहां पर वे लोग आ कर शरण लेते हैं। वह कांस्टीटुयेन्सी किस की है? श्री अटल बिहारी बाजपेयी जी की। एक है गुना की कांस्टीटुयेन्सी। वह कांस्टीटुयेन्सी किस की है? वह है श्री माधव राव सिन्धिया की कांस्टीटुयेन्सी। यह वह क्षेत्र है, वह बैल्ट है जो कि डेकायट इन्फेस्टेड हैं और इनके प्रतिनिधि है महारानी सिन्धिया, श्री अटल बिहारी बाजपेयी और श्री माधवराव सिन्धिया। इन राज परिवारों से इनको सहायता मिलती रही है और भिंड की रेवाइन्स में इनको शैल्टर मिलती रही है और ये वही रहते है और जो माल इकट्ठा करके लाते हैं वह ग्वालियर के पैलेस मे इकट्ठा करते है या जो उनके दूसरे फ्यूडल्स है या जो उनके सुबेदार लोग है वहां जमा करते हैं।

इसलिए समस्या के समाधान के लिए आदरणीय जय प्रकाश जी के इस प्रयत्न की मैं सराहना करता हूं। अगर कोई नैतिक विचार पैदा हो, नैतिक आचरण का उदय हो या नैतिकता का भाव हो और यह जो सभ्यता के इस युग में डेकायटी समस्या से जो हम उलझे हुए हैं, इसका कोई समाधान हो, इसके लिए हम श्री के० सी० पंत जी से यह चाहते हैं, उन से यह उपेक्षा करते हैं कि वे इस समस्या के समाधान के लिए कुछ करें। श्री जय प्रकाश जी और अपने बड़े तरुण साथी मुख्य मंत्री श्री प्रकाश चन्द्र सेठी जी से भी हम आशा करते हैं कि कम से कम इस समस्या का स्थायी समाधान कुछ न कुछ होना चाहिए।

इन शब्दों के साथ आप ने जो हमें समय दिया है, उसके लिए बहुत धन्यवाद।

श्री रामचन्द्र विकल (बागपत) : आदरणीय सभापति जी महोदय, मैं श्री अलगेशन द्वारा जो राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद का प्रस्ताव रखा हुआ है, उस के समर्थन के लिए खड़ा हुआ हूं।

सभापति महोदय, इस धन्यवाद प्रस्ताव पर अनेक माननीय सदस्यों के भाषण मुझे यहां सुनने को मिले। मुझे मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के नेता श्री गोपालन जी के विचार सुनने का भी मौका मिला। वे प्रजातंत्र और अहिंसा के ऊपर बहुत जोर दे रहे थे और बंगाल के चुनावों के आगे वे नहीं बढ़ सके और वहां की घटनाओं को सुनाते रहे। उस समय मुझे ऐसा मालूम हो रहा था जैसे कोई रत्नाकर वाल्मीकि ऋषि बन गये हों और वही उपमा मुझे याद आती थी उन दिनों जबकि वे भाषण कर रहे थे कि ये महर्षि वाल्मीकि बन गये हैं। उन्होंने अहिंसा और जनतंत्र के बारे में बहुत बहुत बातें यहां पर कहीं। मैं नहीं जान पाया कि उनकी अहिंसा और जनतंत्र के पीछे वास्तविकता क्या थी ? जो उन के भाषण में ये बातें आई वे असली रूप में मुझे नजर नहीं आती। प्रो० हिरेन मुकर्जी ने जो स्वयं भुक्तभोगी हैं और बंगाल के निवासी हैं, बहुत अच्छे शब्दों में उनके भाषण की एक तौर से काट की और बताया कि वास्तविकता से परे कितने उनके विचार हैं और उन का असल रूप दूसरा ही है। प्रो० हिरेन मुकर्जी स्वयं उन बातों के भुक्तभोगी रहे हैं।

सभापति जी, राष्ट्रपति जी के संभाषण पर विरोधी दलों के लोगों ने जो बहुत अधिक जोर दिया वह इस बात पर कि युद्ध के दौरान सारा श्रेय प्रधान मंत्री जी को क्यों मिल गया। इस बात पर उन में कुछ बहुत परेशानी रही और इसी चीज को उन्होंने बहुत ज्यादा कहा। राष्ट्रपति जी ने तीन चार जगहों पर अपने संभाषण में इस बात का जिक्र किया है। उन्होंने कहीं भी एक दल की चर्चा नहीं की। अगर माननीय सदस्य इस भाषण को पढ़ते जैसा कि श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी ने अन्तिम रूप से कहा, तो उन को वास्तविकता का पता चल जाता। अन्तिम जो पैराग्राफ है, उस में राष्ट्रपति जी ने यह कहा है :

> "सम्मानीय सदस्यो, अन्त में मैं आपका ध्यान इस बात की ओर दिलाना चाहता हूं कि गरीबी के खिलाफ लड़ाई किसी सैनिक कार्रवाई से कम बहादुरी की बात नहीं है। इस महान संघर्ष के लिए कठिन परिश्रम एवं लक्ष्य के प्रति गहन निष्ठा की आवश्यकता है। सतत् परिश्रम एवं त्याग के बिना कभी कोई महान कार्य नहीं हुआ है। मैं इस महान देश के सभी वर्ग के लोगों एवं दलों से निवेदन करता हूं कि युद्ध के समय आप लोगों ने जिस एकता की भावना का प्रदर्शन किया, देश के निर्माण के लिए भी वैसी ही भावना का प्रदर्शन करें।"

यह राष्ट्रपति जी ने स्वयं अपने भाषण में कहा है। सभी दलों से उन्होंने अपील की है, सारे देश की जनता से उन्होंने अपील की हैं और जो सारा श्रेय है वह, उन्होंने यह कोशिश की है, इस देश की तमाम जनता और दलों को दिया है। मैं यह जरूर कह सकता हूँ कि लड़ाई के समय पर जो भावना विरोधी दलों ने इस सदन में और इस सदन के बाहर दिखलाई, उसके लिए वे सराहना के पात्र हैं, उस के लिए हमें उन की सराहना करनी चाहिए। राष्ट्रपति जी ने अपने भाषण में स्वयं उस की सराहना की है। तब इन सब बातों को भूल करके हम उन सारी अच्छी बातों को जो देश हित में हम पीछे कर चुके हैं स्वयं भी भुलाएं या हमारी प्रधान मंत्री जी वे जो कुछ किया है उसको भुलाएं या देश की जनता ने जो काम किये है उनको भी भुलाएं, तो यह चीज न तो विरोधी दलों के हक में ही जानी है और न किसी और दल या राष्ट्र के हक में जाती है। राष्ट्रपति जी ने प्रारम्भ में ही इस बात को कहा है :

> "राष्ट्र एक बहुत बड़ी परीक्षा में खरा उतरा है। बाहरी आक्रमण के मौके पर देश ने बहुत बड़ी एकता, साहस, संवेदनशीलता

[श्री रामचन्द्र विकल]

तथा स्पष्ट दृष्टिकोण का परिचय दिया। इससे संसार को यह स्पष्ट हो गया है कि देश के लोग किस तत्व के बने हैं। बंगला देश के साढ़े सात करोड़ लोगों की आजादी और जिन्दगी खतरे में पड़ गई थी।"

तो राष्ट्रपति जी ने जो प्रारम्भ किया है उस से भी सारे देश की जनता, सारे दलों को और सभी को उन्होंने इस तौर से लिया है जिस से हमारा देश मजबूत रहे।

और तीसरे पैराग्राफ में राष्ट्रपति जी ने कहा है :

"इस कार्य में संसद् ने जो मार्गदर्शन किया, राजनीतिक, राजनीयक तथा सैन्य सम्बन्धी नीति और निर्णयों में सरकार ने जिस विवेक और नेतृत्व का परिचय दिया, प्रशासन के सभी स्तरों पर जो प्रभावकारी कार्य संचालन हुआ··· ।"

यह राष्ट्रपति जी ने संसद के बारे में कहा है जिस में सभी विरोधी दल आ जाते हैं। तो मैं नहीं जान पाया कि राष्ट्रपति जी के अभिभाषण को हमारे मार्क्सिस्ट कम्युनिस्ट पार्टी के लोगों ने सुना नहीं, सुनने भी नहीं दिया किसी को, मगर पढ़ने की भी कोशिश नहीं की। उस भाषण को उन्होंने पढ़ा नहीं वरना वे इस तरह के विचार न रखते (**व्यवधान**) चुनावों के आगे वे बढ़ कर नहीं दिये, चुनाव के आगे कोई विचार सुनने को नहीं मिला। यह मैं राष्ट्रपति जी के भाषण के सम्बन्ध में कह रहा था।

सभापति जी, यश प्रधान मंत्री जी को मिल गया। मैं तो एक आस्तिक व्यक्ति रहा हूं। सभापति जी "हानि, लाभ, जीवन-मरण, यश-अपयश विधि हाथ"। जब यश मिलना था प्रधान मंत्री जी को तो विरोधी दलों को इस मामले में बहुत ज्यादा परेशानी या हैरानी नहीं होनी चाहिए। यश मिला इस बात के लिए कि देश का नेतृत्व संकट काल में इस रूप से किया, इस दृढ़ता से किया, इस दूरदर्शिता से किया, समय के साथ क्या करना चाहिए उस समय के अनुसार प्रधान मंत्री ने देश का नेतृत्व किया। यह स्वाभाविक ही है। हम यश दें या न दें, आज इस देश के विरोधी दल यश दें या न दें लेकिन इस देश की करोड़ों जनता इस बात को कहती है कि प्रधान मंत्री जी साहस, हिम्मत और दूरदर्शिता मे पं० जवाहर लाल नेहरू से भी आगे बढ़ी हुई है। यह गांवों के लोगों की प्रक्रिया मैं आप को बता रहा हूँ और यही एक कारण है कि विरोधी दल के लोग देश की जनता की भावनाओं को पहले तो समझते ही नही थे मगर इन कुछ दिनों में जो हालात हुए उन हालात के पहले वे गावों के गरीब लोगों की भावनाओं को समझ नही पा रहे थे। देश की करोड़ों जनता प्रधान मंत्री जी का आभार मानती है इस बात के लिए कि उन्होंने अपने इस नेतृत्व में देश को हर माने मे सुदृढ़ किया है, हर माने मे स्वावलम्बी किया है, अन्न के मामले मे हमारा देश स्वावलम्बी हुआ है। अमरीका से जो अन्न आता था वह आना बन्द हो गया है। प्रधान मंत्री जी ने बड़े गर्व के साथ देश की जनता से अपील की कि अमरीका गवर्नमेंट अन्न के बदले में हमारे स्वाभिमान को खरीदना चाहेगी या हमारे स्वाभिमान को ठेस लगाएगी, तो प्रधान मंत्री जी ने अनेक बार कहा कि मैं अपने देश की 55 करोड़ जनता से एक वक्त भोजन खाने की अपील करूंगी लेकिन अमरीका के सामने इस देश के स्वाभिमान को बेचने वाली नही हूं। यह कम स्वाभिमान की बात नहीं है। यही कारण है कि आज हमारे देश का सम्मान सारी दुनियां में बढ़ रहा है, हमारा मस्तक ऊँचा हो रहा है और प्रधान मंत्री की हिम्मत की, उनके साहस की, उनके प्रयत्नों की उनकी बहादुरी की प्रशंसा हो रही है।

बंगला देश को मान्यता देने की बात भी थी। वाजपेयी जी आ गए हैं। उन्होंने कहा था कि बंगला देश को मान्यता हमने देर से दी और अगर पहले दे दी होती तो इतना खून खराबा नहीं होता। मैंने उनके इस भाषण को बड़ी शान्ति के साथ सुना था। मैं उनका आदर भी बहुत

करता हूं। जब युद्ध बन्द हो गया तो उन्होंने कहा कि इसको इतनी जल्दी बन्द क्यों कर दिया। यानी खून खराबा पहले भी होना था और बाद में भी होना था। तो इससे अन्तर क्या पड़ा ? लेकिन मैं यह जरूर कहना चाहता हूँ कि प्रधान मंत्री ने कहा था कि समय आने पर देश की सरकार बंगला देश को मान्यता देगी। मैं आपको बतलाना चाहता हूं कि भारत सब से पहला दुनिया में देश था जिसने बंगला देश को मान्यता दी और भारत द्वारा मान्यता देने के बाद ही आज जो 32-33 देशों ने मान्यता दी है, उन्होंने बंगला देश को वह मान्यता प्रदान की। पहले हमने दी और बाद में उन्होंने दी। हमारा देश इस मामले में दुनिया में अग्रणी रहा और सारी दुनिया ने हमारी बात को माना। पहले किसी देश की हिम्मत नहीं हुई। यह हमारी प्रधान मंत्री की दूरदर्शिता का प्रतीक है और समय की पहचान की बात है। किस समय पर कौन काम होना है, इसको उन्होंने इन दो सालों में अनेक बार दोहराया है। इससे प्रधान मंत्री जी की ख्याति देश में तथा जनता में बढ़ी हैं और उन्होंने किस समय पर कौन सा आप्रेशन करना है सही माने में, उसको करके दिखा दिया है। एक सफल डाक्टर की भांति उन्होंने पहले फोड़े को पकने दिया और तब उसको फोड़ा, तब उसका आप्रेशन किया। बंगला देश को सबसे पहले मान्यता देकर एक उदाहरण उन्होंने दुनिया के सामने रखा और दुनिया ने बाद में उसको मान्यता दी।

अन्न के मामले में देश आत्मनिर्भर हुआ और इससे दुनिया में हमारे देश का मान बढ़ा। बंगला देश और पाकिस्तान की इस लड़ाई को देखा जाए तो मैं सच्चाई के साथ कहना चाहता हूं कि सारी दुनिया में सुरक्षा के सामले में हम आत्म निर्भर नजर आते हैं। लड़ाइयां दो पीछे भी लड़ी गई हैं चीन के साथ और पाकिस्तान के साथ। लेकिन जिस बहादुरी के साथ, जिस हिम्मत के साथ, इस लड़ाई में हमें जीत प्राप्त हुई है, हमारे सैनिकों ने और नेतृत्व ने इस लड़ाई में काम किया है, उससे पता चलता है कि पिछली दोनों लड़ाइयों से हम कुछ आगे गए हैं और सेना और सुरक्षा के मामले में भी हमारा देश आत्म-निर्भर हुआ है। हम अन्न और सुरक्षा के मामले में आत्म निर्भर हुए हैं।

लेकिन जहां हम आत्मनिर्भरता की ओर बढ़े हैं वहां यह भी सच है कि हमारे देश की कुछ आर्थिक कठिनाइयां भी हैं, इसमें दो रायें नहीं हैं। गरीबी हटाने का नारा सरकार की तरफ से जरूर लगा और प्रधान मंत्री जी ने इस नारे को दिया। राष्ट्रपति जी ने अपने अभि-भाषण में कहा है कि सारे देश की जिम्मेदारी है, विरोधी दलों की भी जिम्मेदारी हैं कि वह गरीबी मिटाने के काम में सहयोग दें। उन्होंने कहा है कि गरीबी के विरुद्ध लड़ाई किसी युद्ध से कम नही है। इस में हम सबको सहयोग करना चाहिए। लेकिन मैं विरोधी दलों में यह भावना पा रहा हूं कि वे इस नारे का व्यंग्य तो करना चाहते है लेकिन इस काम में वे सहयोग करना नही चाहते। देश की आर्थिक कठिनाइयों में आप सहयोग करना चाहते है तो मैं सच्चाई से कहना चाहता हूँ कि गरीबी हटाने का जो काम है यह एक शायर की उस शायरी से मिलता है :

थमते थमते थमेगे आंसू
रोना है कुछ हंसी नहीं है।

देश की गरीबी धीरे-धीरे मिटेगी, मेहनत के साथ मिटेगी। मेहनत करने वाले को इस देश में साधन और सम्मान जब मिलेगा तभी देश की गरीबी मिटेगी। गरीबी केवल आलोचना से या कुछ लोगों के आगे बढ़ने से मिट जाए, ऐसा मेरा विश्वास कभी नहीं रहा है। इस बात को मैं जवानों के बीच में भी कहता हूं, विद्यार्थियों के बीच में भी कहता हूँ, जनता के बीच में भी कहता हूं। मैं यह कभी नही कहता कि जवानों, तुम्हारे लिए सब चीज हमको मुहैया करनी है। आखिर जिस देश का भविष्य जवानों पर निर्भर करता है तो जवानों का भविष्य किस पर निर्भर करता है, यह समझ में नहीं आता है। मैं जवानों के बीच में यह कहता हूं कि जब सारे देश का भविष्य तुम्हारे ऊपर निर्भर करता है तो तुम्हारा भविष्य किस पर निर्भर करता है, यह

[श्री रामचन्द्र विकल]

तुम्हें सोचना होगा। जवानों का भविष्य उनके पौरुष पर, उनके पुरुषार्थ पर, उनके अदम्य विश्वास पर, उनके शौर्य पर निर्भर करता है। अगर हम गरीबी मिटाने के नारे का व्यंग्य उड़ाते रहे और लोगों को यह कहते रहे कि यह तो केवल सरकार का काम है तो लोग मेहनत नही करेंगे।

मैं एक और उदाहरण देना चाहता हूं। हमारे पंजाबी भाई पाकिस्तान से उजड कर आए। उनके पास जमीन नही थी, कारखाने नही थे, ठिकाना नही था, मुसीबतजदा ये लोग थे। उन्होने अपनी आर्थिक समस्या को जिस तरह से हल किया वह भी एक उदाहरण की चीज है। उन्होंने खेती को नमूने के साथ किया। व्यापार किया तो नमूना एक उसका भी पेश किया। फैक्ट्री या इण्डस्ट्री लगाई तो भी पुरुषार्थ के साथ उस काम को किया। उजड़े हुए लोग इस देश में अगर बस सकते है तो बसे हुए लोग क्या पुरुषार्थ नही कर सकते है, यह मेरी समझ मे नही आता है।

मै मानता हूं कि देश से गरीबी को मिटाने के रास्ते में कुछ चीजें हायल है। लेकिन सारी जनता को, सरकार को, विरोधी दल के लोगो को, पुरुषार्थ करने वाले लोगो को, मेहनत करने वाले लोगों को, किसानों और मजदूरो को हमे आदर और सम्मान देना होगा और जब हमने ऐसा किया तभी लोग परिश्रम करेगे। लेकिन आदर और सम्मान आज धन वालों को मिलता है फिर चाहे लाटरी से रुपया कमाया गया हो या जुए से कमाया गया हो या परमिट से कमाया गया हो। लेकिन मेहनत करने वाले को सम्मान नहीं मिलता है। उसको सम्मान मिलना चाहिए।

इस देश में आप किसान की हालत को देखें। मेहनत करने के बावजूद भी उसको अनेक समस्याओं का सामना करना पड़ता है। आज जब उसकी उपज का भाव तय करने की बात आती है तो उन लोगों से ये तय करवाए जाते हैं जो किसान की समस्या को नहीं जानते और लागत खर्च को नही देखते हैं। आप देखिये कि पिछले साल खाद के दाम क्या थे, बीज के दाम क्या थे, औजारों के दाम क्या थे, मजदूरी कितनी मिलती थी और आज क्या है। सब के दाम बढ़े है। खाद पर इस बार टैक्स बढ़ गया है। आज जो भाव तय किये जा रहे हैं वे पिछले साल से भी कम तय किये जा रहे है। मुख्य मंत्रियो का सम्मेलन होने वाला है। मैं निवेदन करता हूं कि भाव किसान के लागत मूल्य, मेहनत और चीजो के दामों को देकर तय आप करें ताकि देश का उत्पादन बढ़े और देश मालदार और खुशहाल हो।

इन शब्दो के साथ मे जो धन्यवाद का प्रस्ताव रखा गया है, उसका समर्थन करता हू।

श्री अटल बिहारी वाजपेयी (ग्वालियर) मै एक औचित्य का प्रश्न उठाना चाहता हू। आप देख रहे है कि सदन मे मन्त्रिमडल के स्तर का कोई मंत्री नही है। मै जिस दिन बोला था उस दिन भी इसको उठाना चाहता था लेकिन चूकि मुझे स्वयं बोलना था इस वास्ते मैने इसको नही उठाया। राष्ट्रपति जी के अभिभाषण पर चर्चा के समय कोई कैबिनेट स्तर का मत्री सदन मे नही रहेगा क्या यह तय हो गया है? आज तक ऐसा कभी नही हुआ। आप सदन के पुराने मैम्बर हैं। मुझे भी सदन का तीसरी बार मैम्बर बनने का दुर्भाग्य या सौभाग्य मिला है।

MR. CHAIRMAN: He has raised his voice. I will convey it to Government.

श्री अटल बिहारी वाजपेयी: यह एक तरीका बन गया है। मंत्रिमंडल का कोई सदस्य यहां बैठ नहीं सकता है? क्या राष्ट्रपति जी के प्रति सम्मान प्रदर्शित करने का यह तरीका है?

MR CHAIRMAN: Note has been taken.

SHRI S. M. BANERJEE (Kanpur): By whom? Not even the Minister of Parliamentary Affairs is here. We are going to report to the President tomorrow.

THE DEPUTY MINISTER IN THE DEPARTMENT OF PARLIAMENTARY

AFFAIRS (SHRI B. SHANKARANAND) : Shri Vajpayee has come into the House just now. Perhaps he may not know that the Prime Minister herself was present here till a few minutes ago.

MR. CHAIRMAN : Shri Kartik Oraon.

SHRI MADHURYYA HALDAR (Mathurapur) : On a point of order. There is no quorum in the House.

MR. CHAIRMAN : The bell is being rung.....

MR. CHAIRMAN : Now, there is quorum.

SHRI KARTIK ORAON (Lohardaga) : Mr. Chairman, Sir, I rise to support the Motion of Thanks on the President's Address.

AN HON. MEMBER : Why ? (*Interruption*).

SHRI KARTIK ORAON : Whereas Mr. Atal Bihari Vajpayee has started with the concluding remarks of the President, I will start with him. Here is a letter which he has written to Raj Bahadurji on the day when the Prime Minister was to be felicitated by the Members of Parliament (*Interruption*) My point is, while I do not mean anything against anybody, I just want to let the House know that when an hon. Member says something, he should mean it. That is my point. He says, ...

SHRI JYOTIRMOY BOSU : Sir, on a point of order.

MR. CHAIRMAN : What is the point of order ?

SHRI JYOTIRMOY BOSU : He was persuading another Member not to spell out something.

MR. CHAIRMAN : It is not a point of order.

SHRI JYOTIRMOY BOSU : It is very much a point of order, with all my deference to you, Sir.

श्री कार्तिक उरांव : "प्रिय राजबहादुर जी, मुझे खेद है कि मैं अभिनन्दन समारोह में शामिल नहीं हो सकूंगा। पूर्व-निश्चित कार्यक्रम के अनुसार मैं बम्बई जा रहा हूं, अनुपस्थिति के लिए क्षमा चाहता हूं।

स्वाधीन बंगला देश का जन्म और इस युद्ध में भारत की महान विजय युग परिवर्तनकारी घटनाएं हैं। ऐसी गौरव पूर्ण घटनाएं हमारे राष्ट्रीय जीवन में पिछली अनेक शताब्दियों में नही घटीं। गत 14 दिन में जो कुछ हुआ है, वह भारतीय इतिहास का एक सुनहरी पृष्ठ है।"

कितना खूबसूरत है !

'इस पृष्ठ पर हमारे जवानों के पराक्रम और शौर्य की गाथा अंकित है। सारे संघर्ष को सफलता के स्वर्णिम शिखर तक ले जाने का श्रेय यदि किसी एक व्यक्ति को दिया जा सकता है, तो वह है हमारी प्रधान मंत्री श्रीमती इन्दिरा गांधी।"

श्री अटल बिहारी वाजपेयी : मैंने कहा है, 'यदि किसी एक व्यक्ति।"

श्री कार्तिक उरांव : "उन्होंने इतिहास को बदल डाला है, जो कुछ कहा था, उसे करके दिखा दिया है। विदेश-यात्रा पर जाने से पूर्व प्रधान मंत्री जी ने मुझे मिलने के लिए बुलाया था। उस समय जो बातें हुई, वह मैं आजीवन याद रखूंगा।..."

17.32 hrs.

[SHRI K. N. TIWARI *in the chair*]

What I really wanted to drive at was that when a person of the stature of Shri Atal Bihari Vajpayee was saying something, I think that he meant something ; that when he speaks something he means something. And he is on record ; he cannot deny that. He has rightly put all the credit on the Prime Minister and is very much overjoyed by his doing so. While I was hearing his speech, I was a little surprised that all the time, he was indulging in sabre-rattling and mudslinging, setting one party against another party.

My point is that our Parliament should now raise its stature to such heights that if

[Shri Kartika Oraon]

and when the official Benches do something good from the Government Benches, the Opposition should support it wholeheartedly. Similarly if ever we find something wrong in the Congress Benches, we should point out that to the Government. That should be the spirit of this House, Therefore, when he says, with all his appreciation, that when Gen. Manekshaw mentioned that if the war had continued for five days more, then Pakistan would have been crippled .....

SHRI ATAL BIHARI VAJPAYEE : I quoted Gen. Manekshaw.

SHRI KARTIK ORAON : Yes ; but whatever you had said, you have contradicted your own statement. You say, Mr, Kumarmanglam said something about delayed recognition of Bangla Desh My point is this. When Members of Parliament start speaking with two voices, where will the poor people of the Villages go ? We should try to speak what we see and we should have belief and conviction in what we say. Therefore, I negative the entire thing said by him in the House-everything.

The Opposition parties took up some portion of the President's Address and says here is a lacuna. They should have in fact talked about how concrete shape should be given to the slogan of *garibi hatao*. Instead. they have been saying that somebody indulged in corrupt and bogus voting and this and that. Let me say that everybody had done something Wrong. It is only a question of degree. Everybody was competing with each other. Let us now put our minds together and find out ways and means so that no such thing is tolerated.

Here comes the law and order problem. We have to develop the national character in the country. I know Mr. Bosu is here I was moving about in Calcutta immediately after the mid-term poll of Lok Sabha in 1971. People said that everywhere Indira wave was there she was so popular in that area too that they would have all voted for Congress Party in 1971 and almost all the Lok Sabha seats from West Bengal would have gone to the Congress but that they had, 12,000 or 14,000 bogus votes in every Assembly Constituency and some of the booths were completely captured. Therefore there is no point in sabre-rattling now and saying that we are responsible for bogus voting, Try to search your hearts before you criticise us.

Some of the good things had been highlighted in the President's Address but here they come forward and say that this is bad and that is bad. We know we have fought a battle of the ballots. Then there was the battle of bullets, Now we have to start the battle of the bellies. Do you think the slogan *garibi hatao* is a misnomer ? You belong to India and you know that there are people in the country who do not have two square meals a day. Do you want that such a situation should be prepetuated in India. It should not be ? Therefore, I say that there should be one masterplan for the whole of India, for uniform system of irrigation all over the country and also a uniform network of roads all over the country. There should be industries everywhere so that nobody could complain that he has not got industries. They should follow the Industrial Policy Resolution of 1956 everywhere. When big projects are constructed, people in that area should get employment first.

SHRI JYOTIRMOY BOSU : You have violated it a number of times.

SHRI KARTIK ORAON : You have also participated in it. With such a network of irrigation and road communications and industrial development, people's confidence would be generated. We are in a different India today, on India which is committed to meet all the basic requirements of the human beings.

We are very conscious of Bangla Desh, but let us understand that Bangla Desh is not only a country, but a state of affairs also where the less privileged people, the weaker sections of the people, are exploited by the more powerful ones Let us see that even in India today there are many Bangla Deshes. We should try to remove from them fears of exploitation also ; they should also be liberated. That is the task before us,

For instance, in Chottanagpur and Santhal Pangana area there are lots of industries, all big industries like the Heavy Engineering Corporation, Hindustan Steel, NCDC, Bokaro etc , but what do the people in this area get ? Nothing. This is a case of Bangla Desh. This is a violation of the Industrial Policy Resolution of 1956. I am only trying merely

to point out the mistakes that the Government is making, and this is not a criticism of the Government.

In the Chota Nagpur area, a lot of tribal people live. Under the Chota Nagpur Tenancy Act, no tribal land can be transferred to a non-tribal. This Act, under section 46(3) prohibits any civil, criminal or revenue court from recognising transfers of lands in contravention of this Act. But after independence, these poor tribals have lost more lands than they have gained. There are some lacunae in this Act also. There is a provision under which land can be transferred with the permission of the Deputy Commissioner. Section 49 permits transfer of tribal lands for the following purposes,namely,charitable, religious, education, industrial, irrigation, building, access to land used or required for any of these purposes, mining etc. I can tell you that lands have been given to all the big projects by the tribals, but they are not getting jobs in them. They are refugees in their own homes. Recently there was the case of the Accountant General Employees' Housing Cooperative Society who acquired about a few hundred acres of land belonging to the tribals After building houses, they have sub-let them or they have sold them at exorbitant prices to big business magnates Now they are claiming another lot of a few hundred acres of land for the Co-operative Society. Is this not an indirect way of grabbing land ? We should not tolerate this.

Only the other day, on 23rd March, I and my friend Mr. P. K. Ghosh, M. P. saw the Chief Minister, Mr. Kedar Pandey and requested him that this sort of thing should be stopped. The tribal people, hoping that they would have some bright days, overwhelmingly voted for the Congress Party, but immediately after the elections, this is what is happening. We pointed this out to the Chief Minifter and he asked the Deputy Commissioner to stop payment of compensation until he had examined it in detail. Some compensations have been paid to the tribals, but how ? At the time of payment in the land aquisition office, they were made completely drunk and everybody was paid Rs. 800 or Rs. 1000 less. In one particular case, a priest who was supposed to have received Rs. 13,900, was paid only Rs. 900 ! They were completely not the way to have *garibi hatao*. This is *garib ko hatao*, We must be conscious of the various problems facing our country, and try to solve them. Even though we have not been able to solve the tribal problems for the last 25 years, it is never to late. Our Government should say, "Look here, Mr. Deputy Commissioner or Chairman, if you do not deliver the goods you should get out." Government should tell them, "Deliver the goods or get out !" That is the way in which we can make these projects yield more resources. They should have given us an annual dividend of Rs. 500 crores by now and we are losing that money. This is the bottleneck. This is not the way to solve the *garibi hatao* problem.

Now we have our family planning programme and say that the number of children should not exceed three. If there are 5 members in a family, at the rate of Rs. 3 per head per day, it comes to Rs. 450 or Rs. 500 a month. So, every family must get a minimum of Rs. 500 a month. That is the only way in which you could generate confidence in the people. Today people are getting Rs.100 or even less. It should be increased to Rs. 500 That is the basic minimum that people must get. Only then the slogan of *garibi hatao* will be more meaningful. People have waited long enough and they cannot be satisfied with more slogans. They have given the massive mandate to one particular party because our Prime Minister had the quality to inspire confidence into the minds of the people. That is the quality of leadership. A leader is one who must belong to the masses, who must have good intentions and who should not try to lose temper. Our Prime Minister has established that she alone can decide the destiny of India. The opposition parties were demanding recognition of Bangla Desh for a long time. Supposing we had recognised Bangla Desh earlier, China and America would have come to this country and there would have been a world war in this country. This great lady knows how to calculate and how to do things at the proper time. She dissolved the Lok Sabha because she realised that with a slender majority, no drastic action was possible.....

(व्यवधान) खिसियानी बिल्ली खम्भा नोचे, वह हालत आज इनकी हो रही है ।

MR. CHAIRMAN : He should conclude.

SHRI KARTIK ORAON : Yes. Sir. I referred to one case in Chotanagpur. That must be looked into. The tribal problem and the problem regarding the restoration of Tana Bhagat lands must be solved. Tribals from whom land have been seized illegally should be given back their lands.

With these words, I whole-heartedly support the Motion of Thanks.

श्री रुद्रप्रताप सिंह (बाराबंकी) : मान्यवर, मैं आप का हृदय के धरातल से आभारी हूं जो आपने मुझ को राष्ट्रपति के अभिभाषण जैसे महत्वपूर्ण विषय पर अपने विचारो को प्रकट करने का अवसर दिया ।

मैं राष्ट्रपति के अभिभाषण के सम्बन्ध मे जो धन्यवाद का प्रस्ताव यहा पर प्रस्तुत किया गया है, उसका समर्थन करने के लिए खडा हुआ हूं—श्रीमन्,

आदमी वह है जो धरा का भार कन्धो पर उठाये,
बांट दे जग को, न अमृत बून्द अधरों को लगाये,
है जरूरत आज ऐसे आदमी की विश्व को फिर,
विश्व का विष-सिन्धु पी जाये, मगर हिचकी न आये।

ऐसी महान नेता श्रीमती इन्दिरा गांधी की प्रजातान्त्रिक, समाजवादी, धर्मनिर्पेक्षता की नीतियों वाली सरकार के सम्बन्ध मे राष्ट्रपति जी का जो अभिभाषण हुआ है, उसका मैं हृदय से स्वागत करता हूं ।

श्रीमन्, भारत की प्रधान मंत्री श्रीमती इन्दिरा गाधी के नेतृत्व में सम्पूर्ण देश की समस्त जनता का कितना अटूट विश्वास है कि देश के लोक सभा के मध्यावधि निर्वाचनों मे, बंगला देश के स्वाधीनता संग्राम में और अभी देश भर में हुए विधान सभाओं के चुनावों के परिणामों से हम देख चुके है और जनता का विश्वास है कि उनके नेतृत्व में कांग्रेस पार्टी ऐसी नीतियाँ निर्धारित करेगी, ऐसे सिद्धान्त बनायेगी जिससे देश के अन्दर सामाजिक न्याय की स्थापना होगी और आर्थिक विषमता समाप्त होगी । साथ ही साथ देश विकास की दिशा में अग्रसर होगा और

श्रीमन्, प्रसन्नता की बात है कि सरकार देश में सामाजिक संरचना के कार्य में लगी हुई है और उसने भारत के संविधान मे संशोधन कर के देश में जो दो प्रकार की नागरिकता थी, उस को समाप्त किया । एक और जनसाधारण की नागरिकता और दूसरी ओर देश के भूतपूर्व देशी नरेशो की नागरिकता, दोनो मे बहुत अन्तर था । हमारी जनप्रिय सरकार ने यह निर्णय लिया और उसके पश्चात् उनकी थैलिया और उनके विशेषाधिकार समाप्त किए । यह देश के अन्दर सामाजिक संरचना की ओर एक महत्वपूर्ण कदम था और एक आधारशिला थी हमारे देश के सामाजिक न्याय की ।

हम सरकार से इस बात का अनुरोध करना चाहते है कि अगर सरकार चाहती है कि देश में सचमुच समाजवाद की स्थापना हो, तो उसके लिए आवश्यक यह है कि देश के अन्दर जाति रहित, वर्ग रहित समाज की रचना की जाय और इसके लिए आवश्यक है, बल्कि अनिवार्य है कि देश के अन्दर जितने भी नागरिक है उनके नाम के पीछे अथवा पहले वर्ग सूचक अथवा जाति सूचक शब्दो का प्रयोग न हो, उस पर निश्चित रूप से प्रतिबन्ध लगाना चाहिये । यह हमारे समाजवादी समाज की संरचना मे बहुत बाधक है ।

साथ ही साथ अगर हम चाहते है कि देश मे समाजवादी समाज की व्यवस्था हो तो हमें अन्तर्जातीय विवाह को अधिक से अधिक प्रोत्साहित करना होगा । देश की जो पिछड़ी हुई जातियां है, हरिजन जातिया है और जो महिलायें है उन्हे सिद्धान्त रूप मे ही नही, अपितु व्यवहार रूप में भी समानता का दर्जा दिलाना होगा ।

श्रीमन्, प्रसन्नता की बात है कि सरकार भूमि सुधार के कार्यक्रमों को तेजी से लागू करना चाहती है । मै आशा करता हूं कि सरकार इन नीतियों में इस प्रकार की व्यवस्था करेगी जिससे समस्त देश के लिये एकरूपता की नीति अपनाई जाय । साथ ही साथ मेरा यह भी सुझाव है कि

वह देश के निर्बल वर्ग को, हरिजन और पिछड़ी जातियों को, ऐसे परिवारों को जो निर्धन परिवार हैं, उनको वह भूमि मिलनी चाहिये, क्योंकि अब तक का जो अनुभव रहा है वह इसके कुछ विपरीत रहा है।

श्रीमन्, हमारा देश एक कृषि प्रधान देश है। हम चाहते हैं कि देश के अन्दर—देश को आत्म निर्भर बनाने के लिए कृषि की उन्नति हो। इस की उन्नति के लिए सिंचाई, खाद और नये बीजों की सुविधायें अधिक से अधिक किसानों को देने की आवश्यकता है। श्रीमन्, मेरा विश्वास है कि श्रीमति इन्दिरा गांधी की जनप्रिय सरकार शीघ्र ही कोई ऐसा कानून भी बनायेगी जिससे शहरी सम्पत्ति का भी सीमांकन हो। हम चाहते हैं कि उसके लिए 3 लाख तक की सीमा की आवश्यकता है। यह एक उचित निर्णय होगा और इसके द्वारा हम सचमूच समाजवाद की दिशा में एक ठोस कदम उठा सकेंगे।

मैं दो शब्द उद्योगों के सम्बन्ध में भी कहना चाहता हूं। समाजवाद की स्थापना के लिए आवश्यक है कि सरकार स्वयं उद्योगों के क्षेत्र में आगे बढ़े और बड़े-बड़े उद्योगों की स्थापना करे। साथ ही साथ देश में जो बड़े उद्योग हैं, उनको सरकार स्वयं अपने नियन्त्रण में ले, उनका राष्ट्रीकरण करे और उनसे होने वाली आमदनी को देश के विकास में, देश के धनी और निर्बल वर्ग में जो असन्तुलन है, उसको सन्तुलित करने की दिशा में लगाये। इसी दिशा में मैं सरकार को पुनः याद दिलाना चाहता हूं कि लोक सभा के मध्यावधि निर्वाचन के वक्त जनता ने उस समय जो आदेश दिया था, उनमें एक आदेश यह भी था कि सरकार चीनी मिलों का राष्ट्रीयकरण करेगी। हमें विश्वास है कि हमारी जनप्रिय सरकार शीघ्र ही चीनी मिलों का राष्ट्रीयकरण करेगी, जिससे देश भर के जो चन्द पूंजीपति परिवार, जो देश के कृषकों का शोषण कर रहे हैं, उनके रक्त को चूस रहे हैं, वह स्थिति समाप्त हो सके।

इन्दिरा गांधी देश में तेजी से समाजवाद की रचना करना चाहती हैं। परन्तु देश की वर्तमान नौकरशाही के द्वारा उसमें कठिनाई आ रही है। हम जानते हैं कि हम जिन समाजवादी नीतियों को अपनाते हैं, उनके कार्यान्वयन में देश की अफसरशाही, नौकरशाही बहुत बड़ी बाधा हमारे सामने स्थापित किये हुए हैं। देश में समाजवाद की स्थापना तभी होगी जब सरकार इस बात की व्यवस्था कर दे कि कानून के द्वारा देश के अन्दर किसी परिवार की अधिकतम सीमा निर्धारित कर दी जाय कि इससे अधिक सम्पत्ति किसी भी परिवार के पास नहीं होगी—चाहे नेता हो, सर्विस में हो, व्यवसायी हो या कृषक हो। यह सभी पर लागू होना चाहिये।

अन्त में मैं विदेश नीति के सम्बन्ध में कुछ कहना चाहता हूं। मैं प्रधान मंत्री जी को उनकी विदेश नीति के सम्बन्ध में विशेष रूप से बधाई देना चाहता हूं। इस विदेश नीति से हमारे मित्र देशों की संख्या बढ़ रही है, देशों से मतभेद दूर हो रहे हैं। सोवियत रूस और बंगला देश के साथ जो मैत्री सम्बन्ध हुए हैं, वे बहुत ही महत्त्वपूर्ण हैं और जिनकी सर्वत्र प्रशंसा हो रही है। मुझको अभी हाल में भारत के प्रतिनिधि के रूप में संयुक्त राष्ट्र संघ के महाअधिवेशन में जाने का अवसर मिला था। वहां भी मैंने अनुभव किया कि भारतवर्ष ने जनतंत्र और धर्मनिर्पेक्षता की दिशा में जो कदम उठाये हैं, उससे भारत का गौरव न केवल भारत में, एशिया में, बल्कि विश्व के समुदायों में बहुत ऊंचा उठा है।

सदन के सम्मानित विरोधी दलों के नेताओं ने पिछले चुनावों की निष्पक्षता के बारे में जो बातें कही हैं, मैं केवल एक बात कह कर समाप्त करना चाहता हूं। मुझको अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी ने पिछले चुनावों में अपना प्रतिनिधि बना कर ग्वालियर सम्भाग में भेजा था। वहां पर मुझे जिला मुरैना के शेवपुर क्षेत्र के कार्यकर्ताओं ने एक पत्र दिया था, जिसके अनुसार जनसंघ पार्टी ने चुनावों में डाकुओं का सहारा लेकर हमारे कार्यकर्त्ताओं की हत्या का प्रयास कराया था।

[श्री रुद्र प्रताप सिंह]

हमारे विरोधी दलों के सम्मानित सदस्यों ने जो विचार यहां पर प्रकट किये हैं, मेरी समझ में वे इस बात से सहमत हैं कि जो हमारी नीतियां हैं, उनको आगे बढ़ाया जाय। उनको केवल इस बात का संदेह है कि हम अपनी नीतियों को आगे बढ़ा सकेंगे अथवा नहीं। मैं उनसे यही कहना चाहता हूँ—

> क्या खबर है कोशिशे नाकाम ही काम आजाये,
>
> मेरे आगाज पे हसना, मगर अन्जाम के बाद।

इन शब्दों के साथ मैं राष्ट्रपति के अभिभाषण का हृदय से समर्थन करता हूं और आपको पुनः धन्यवाद देता हूं।

सभापति महोदय : चूंकि यह अनाउन्स हो चुका है कि कल प्राइम मिनिस्टर जवाब देंगी, इस लिए अब मैं किसी दूसरे को बुलाने मे असमर्थ हूं। श्री राज बहादुर।

---

18 hrs.

BUSINESS ADVISORY COMMITTEE
NINTH REPORT

THE MINISTER OF PARLIAMENTARY AFFAIRS AND SHIPPING AND TRANSPORT (SHRI RAJ BAHADUR) : I beg to present the Ninth Report of the Business Advisory Committee.

MOTION OF THANKS ON PRESIDENT'S ADDRESS—*Contd.*

श्री शिवनाथ सिंह (झुंझुनू) : सभापति जी, राष्ट्रपति जी ने पिछले 12 महीनों में हमारे देश में जो खास-खास बातें होती हैं उनकी ओर संकेत किया है। हमारी परराष्ट्र नीति के सम्बन्ध में और हमारे देश के अन्दर बहादुरों ने जो बहादुरी दिखाई उसके सम्बन्ध में उल्लेख किया है। अन्त- राष्ट्रीय जगत में आज हमारे देश का जितना मान बढ़ा है उतना पहले कभी नहीं बढ़ा था। आज दुनिया की सभी ताकतें हमें इस बात से आंकने लग गई है कि हिन्दुस्तान एक बहुत बड़ी ताकत बन गया है। यह जो सारा श्रेय है वह किसको देना चाहते है? हमारे जनसंघ के नेता श्री वाजपेयी जी कहते है कि पावर का कंसेन्ट्रेशन बहुत हो गया है। मै निवेदन करना चाहूँगा कि पावर का कंसेन्ट्रेशन किसने दिया है? देश की करोडों जनता ने दिया है। इस बात का श्रेय भी हम जनता को देना चाहें तो इसमें कोई दूसरी बात नही है। आज हमारे देश की प्रधान मंत्री श्रीमती इन्दिरा गाधी जिस प्रकार की नीति पर चल रही है, उसपर समूचे देश को विश्वास है। आप कहते है कि कांग्रेस ने जो बहुमत लिया वह गलत तरीके से लिया। लेकिन मैं निवेदन करूंगा कि 1967 के चुनावो के बाद विरोधी दलों का जो रवैया था वही इसके लिए जिम्मेदार है कि कांग्रेस को प्रबल बहुमत मिला।

राष्ट्रपति जी ने अपने अभिभाषण में कहा है कि पिछले महीनों मे जो घटनाएं घटी हैं उनसे हमारे देश का गौरव बढ़ा है। राष्ट्रपति जी ने बहुत सी बातो की तरफ संकेत किया है लेकिन कुछ ऐसे मुद्दो की तरफ मैं सदन का ध्यान दिलाना चाहता हूं जो और होने चाहिए। एक तो हमारा जो खेती का उत्पादन है उसके व्यापार का राष्ट्रीयकरण होना चाहिए क्योंकि आज भी किसानों को वाजिब कीमत नहीं मिलती है। आज हमारी सरकार की जो नीति है वह दोषपूर्ण है और उससे किसान को नुकसान होता है। इससे खेती का उत्पादन आगे घटने वाला है। इसलिए जितने भी फूडग्रेन्स है, जितनी खेती की पैदावार है उसका राष्ट्रीयकरण हो।

दूसरे शिक्षा की प्रणाली में, मैं बार-बार कहता हूं, सुधार होना चाहिए। लेकिन कोई कांक्रीट चीज हमारे सामने नहीं आ रही है शिक्षा में इस तरह का सुधार हो जिसमे कि निश्चित लाइन पर हम चल सकें।

तीसरे, देश के जो पिछड़े हिस्से हैं उनका डेवलपमेंट हो। जो हमारे

अफेक्टड एरियाज है उनको कट्रोल करने के लिए आल इण्डिया बेसिस पर विचार करने के लिए कमीशन बनाया जाय। जितने डेजर्ट के भाग हैं उनका डेजर्ट मिटाने के लिए और जहां फ्लड्स होते हैं उनको कंट्रोल करने के लिए यह आवश्यक है।

आखिरी बात यह है कि हमारे यहां ग्राम पंचायत समिति और जिला परिषदें बनी है। एक समय था जब कि हम सत्ता के विकेन्द्रीकरण की ओर जा रहे थे। लेकिन पिछले आठ दस साल मे उनका जो नक्शा हमारे सामने आया है उसका हमे अध्ययन करना चाहिए, उस पर री-थिंकिग होनी चाहिए। हमारी पचायतें, पंचायत समितियों और जिला परिषदो का क्या रूप होना चाहिए उसपर ध्यान देना चाहिए। मेरी ऐसी मान्यता है कि एक पंचायत और एक कोआपरेटिव सोसाइटी इस प्रकार की यूनिट बनाई जाय जो अपने अन्दर सेल्फ सफिश्येंट हो और एक वायबल यूनिट बन सके। दस पन्द्रह हजार की आबादी पर एक पंचायत बने और एक को-आपरेटिव सोसायटी बने ताकि गांवों के विकास की ओर हम अपना ध्यान लगा सकें।

इन शब्दो के साथ मै राष्ट्रपति जी के अभिभाषण पर जो धन्यवाद का प्रस्ताव उपस्थित हुआ है उसका समर्थन करता हूं।

MR. CHAIRMAN : The House now stands adjourned to meet again at 11 A M. tomorrow.

18.04 hrs.

The Lok Sabha then adjourned till Eleven of the Clock on Tuesday, April 4, 1972/ Chaitra 15, 1894 (Saka)

Printed at Shahdara Printing Press, K-18, Navin Shahdara, Delhi-32. 3-4-1972